आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
8.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.56
सूर्यास्त 05.57

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी


फाल्गुन कृष्ण पक्ष सप्तमी 05:01 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082
रविवार, 8 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 75, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले- संघ सत्ता की इच्छा नहीं रखता - 12



इलेक्ट्रॉनिक्स आई पी के लिए अमेरिका के साथ काम कर रहा भारत : अश्विनी वैष्णव - 12



ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों पर टैरिफ लगाएगा अमेरिका - 13



डेविस कप क्वालीफायर में सुमित नागल पहले एकल मुकाबले में हारे - 14

# अमेरिका से हुआ व्यापार समझौता, भारत के लिए 30,000 अरब डॉलर का बाजार खुला

## ट्रंप ने रूस से तेल खरीद पर लगाया गया अतिरिक्त 25% टैरिफ भी हटाया, अब सिर्फ 18 फीसदी शुल्क

- भारत अगले 5 साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद विमान और कलपुर्जे आदि खरीदेगा

नई दिल्ली/वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता शनिवार से लागू हो गया। दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क घटाएंगे। वहीं, रूस से तेल खरीद पर लगाया गया अतिरिक्त 25% टैरिफ भी अमेरिका ने हटा दिया है। अब भारतीय वस्तुओं पर मौजूदा शुल्क 50% से घटकर 18 प्रतिशत रह जाएगा।

समझौते के तहत भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं। दोनों देशों के एक संयुक्त बयान के मुताबिक, भारत ने अगले पांच साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान और विमान कलपुर्जे, कीमती धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोयला खरीदने का इरादा जताया है। बयान के मुताबिक, अमेरिका और भारत को पारस्परिक और द्विपक्षीय रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते के लिए रूपरेखा तैयार करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से रूसी तेल की खरीद पर पिछले वर्ष अगस्त में भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क को हटा दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अंतरिम समझौते से भारतीय निर्यातकों, विशेषकर एमएसएमई, किसानों व मछुआरों के लिए 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर का बाजार खुलेगा। इसका कारण भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क पहले के 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। अमेरिका ने अगस्त, 2025 में रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा दिया था। यह पहले से लगाए गए 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क के अलावा था। इस वजह से भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया था। इससे भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ था, क्योंकि अमेरिका उनका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। शुल्क में कमी से वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबर, जैविक रसायन, गृह सज्जा, हस्तशिल्प उत्पाद जैसे भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों और कुछ मशीनरी के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

(संबंधित कारोबार पेज पर)



नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल।

### मेक इन इंडिया को मिलगी मजबूती : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर खोलकर मेक इन इंडिया को मजबूत करेगा तथा महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार पैदा करेगा। प्रधानमंत्री ने भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों के प्रति अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद भी दिया। मोदी ने कहा, भारत-अमेरिका के लिए बहुत अच्छी खबर। यह रूपरेखा भारत-अमेरिका साझेदारी की बढ़ती गहराई, भरोसे और गतिशीलता को दिखाता है।

### इन चीजों पर नहीं लगेगा कोई टैरिफ

चाय, मसाले, कॉफी, नारियल तेल, कोपरा, और वनस्पति मोम जैसे उत्पादों पर अमेरिका में कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा। इसके अलावा, केले, आम, अमरूद, एवोकाडो, कीवी, पपीता, अनानास, मशरूम, जड़ वाली सब्जियां, अनाज, जौ, बेकरी उत्पाद, कोको उत्पाद, तिल, खसखस और खट्टे फलों के रस जैसे कई फल, सब्जियां और कृषि उत्पाद भी बिना किसी शुल्क के अमेरिकी बाजार में पहुंचेंगे। भारत से करीब 13 अरब डॉलर के दवा निर्यात पर भी अमेरिका में शून्य-शुल्क लगेगा। रत्न और आभूषण निर्यात को भी शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, साथ ही कई अन्य उच्च-मूल्य वाले उत्पाद भी इसमें शामिल हैं।

### भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

अमेरिका 2021-25 के दौरान भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। भारत के कुल निर्यात में अमेरिका का हिस्सा 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत है। 2024-25 में, द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डॉलर (86.5 अरब डॉलर निर्यात और 45.3 अरब डॉलर आयात) तक पहुंच गया। अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष 2024-25 में 41 अरब डॉलर था।

# अमेरिका ने नक्शा जारी कर पीओके और अक्साई चिन को बताया भारत का हिस्सा

- व्यापार समझौते के बाद भारतीय मानचित्र को किया शेयर

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को एक अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क घोषित किया। इसके साथ ही अमेरिकी ट्रेड ऑफिस (यूएसटीआर) ने भारतीय मानचित्र शेयर किया। जिसमें पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है।

यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतर्राष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या ''डॉटेड लाइन्स'' से दिखाया जाता है। इस बार ट्रंप प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है।

इसे पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार और आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर ट्रंप की खुशामद में लगे हुए हैं। यहां तक कि शहबाज सरकार ने ट्रंप के गाजा पीस बोर्ड में भी शामिल होने का फैसला कर लिया, जिसका पाकिस्तान में ही विरोध हो रहा है।

### भारत लंबे समय से बता रहा अपना अंग

भारत लंबे समय से कहता आ रहा है कि जम्मू-कश्मीर, लद्दाख (जिसमें अक्साई चिन शामिल है) और अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग हैं। पाकिस्तान ने 2020 में अपना नया राजनीतिक नक्शा जारी किया था, जिसमें पीओके, लद्दाख के कुछ हिस्से, जूनागढ़, मनावदार और सर क्रीक को अपना बताया था। भारत ने इसे 'राजनीतिक मूर्खता' करार देते हुए खारिज कर दिया था। अब यूएसटीआर का नक्शा पाकिस्तान के दावों को पूरी तरह नकारता है। वहीं, चीन की तरफ से भी यही स्थिति है। अगस्त 2023 में चीन ने अपना 'स्टैंडर्ड मैप' जारी किया था, जिसमें अरुणाचल प्रदेश को 'दक्षिण तिब्बत' और अक्साई चिन को अपना हिस्सा बताया गया था।



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, प्यार का उत्सव वेलेंटाइन डे व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

संसद को मर्यादित ढंग से चलाने में विश्वास रखती है सरकार : रीजीजू .... (खबर राष्ट्रीय पेज पर)

# दीवार पर लगे कंटीले करंटयुक्त तार से बंदर की मौत, पूर्व विधायक पर रिपोर्ट

संवाददाता, बदायूं

- बंदर की मौत के बाद पशु प्रेमी की ओर से दी गई थी तहरीर

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी से विधायक रहे हाजी मुसर्रत अली उर्फ हाजी बिट्टन पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है। उनके सहसवान के मोहल्ला शहबाजपुर स्थित कार्यालय की चारदीवारी पर लगे प्रतिबंधित तारों में फंसकर एक बंदर की मौत होने पर पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष व पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने मामला दर्ज कराया है। हाजी बिट्टन वर्तमान में समाजवादी पार्टी में हैं।

शहर के मोहल्ला कल्याण नगर निवासी विकेंद्र शर्मा ने तहरीर देकर बताया कि सहसवान नगर के मोहल्ला शहबाजपुर स्थित पूर्व सिनेमा हॉल में पूर्व विधायक हाजी बिट्टन का कार्यालय है। जिसकी चारदीवारी पर प्रतिबंधित ब्लेड वाले तार लगे हुए हैं। जिसमें कथित तौर पर अवैध रूप से करंट छोड़ा गया है। 6 फरवरी दोपहर लगभग चार बजे राष्ट्रीय बजरंग दल संगठन के नगर अध्यक्ष गौरव मौर्य ने उन्हें सूचना दी कि तारों में फंसकर एक बंदर की मौत हो गई है। तारों में करंट आ रहा था। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने पूर्व विधायक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। विकेंद्र शर्मा ने बताया कि शासन के सख्त निर्देश के बाद भी प्रतिबंधित तारों को प्रयोग में लाया जा रहा है। पुलिस की अनदेखी की वजह से बेजुबानों की मौत हो रही हैं।



मौत के बाद तार पर लटका बंदर का शव।

# यूपी नीट पीजी काउंसिलिंग में 1533 सीटों पर मिलेगा प्रवेश

**लखनऊ।** यूपी नीट पीजी-2025 की तीसरी काउंसिलिंग में प्रदेश के सरकारी व निजी कुल 70 मेडिकल कॉलेजों की रिक्त 1533 पीजी सीटों को शामिल किया गया है। मेरिट सूची के आधार पर चिकित्सक अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा कॉलेजों के रिक्त सीटों की मेट्रिक्स सार्वजनिक कर दी गई है। जारी मेट्रिक्स के अनुसार 34 सरकारी समेत 70 मेडिकल कॉलेजों में एमडी-एमएस की 1458 सीटें और डीएनबी की 75 सीटों सार्वजनिक की गई हैं। इनमें एनेस्थिसिया, ईएनटी, मेडिसिन, माइक्रोबॉयोलॉजी, आर्थो, मानसिक रोग विभाग, रेडियोलॉजी और सर्जरी विभाग की सीटें शामिल हैं। अभ्यर्थियों को 11 फरवरी तक प्राथमिकताएं देनी होंगी, तत्पश्चात सीट आवंटन परिणाम घोषित किए जाएंगे। 17 फरवरी तक प्रवेश की प्रक्रिया कॉलेज स्तर पर संपन्न की जाएगी।

# बच्चे से योगी बोले- हम भी तेरे दादा ही लगते हैं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/यमकेश्वर

- उत्तराखंड के पैतृक गांव पंचूर में बच्चों के बीच उमड़ा 'महाराज' का बालप्रेम
- सीएम ने सुबह गांव में बड़े-बुजुर्गों से हालचाल पूछा, बच्चों को किया दुलार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम के बाद शनिवार सुबह गांव के बड़े-बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया। इस दौरान योगी का बालप्रेम उमड़ आया। उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी दी। एक बच्चे से बातचीत में बोले कि 'हम भी तेरे दादा ही लगते हैं'।

योगी ने एक बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसे प्रेम से खिलाया। बच्चों ने भी सहज भाव से मुख्यमंत्री से बातचीत की। इस दौरान, गांव के लोगों ने योगी के साथ सेल्फी भी ली। वे शनिवार को अपने परिजनों से भी मिले। योगी की विनम्रता, सरलता व सहजता देखकर स्थानीय लोग भी भाव-विभोर हो गए।



उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिलांतर्गत यमकेश्वर तहसील स्थित अपने गांव पंचुर में बच्चे को दुलारते मुख्यमंत्री योगी।

# बीडा क्षेत्र के विकास के लिए 23,590 एकड़ भूमि का अधिग्रहण

- योगी सरकार का बड़ा कदम, कुल 56,662 एकड़ में किया जाएगा औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार
- बीईएमएल कंपनी का 600 करोड़ रुपये निवेश का प्रस्ताव, औद्योगिक गतिविधियों को मिलेगी गति

**लखनऊ।** बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र के विकास के लिए 23,590 एकड़ भूमि का अधिग्रहण अंतिम दौर में है। इसके साथ ही सरकार ने कुल 56,662 एकड़ भूमि को औद्योगिक विकास के लिए औपचारिक रूप से अनुमोदित कर दिया है। यह फैसला भूमि अधिग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि बुंदेलखंड के आर्थिक और सामाजिक कायाकल्प की नींव के रूप में देखा जा रहा है।

योगी सरकार का लक्ष्य है कि वर्षों से पिछड़े माने जाने वाले इस क्षेत्र को निवेश, रोजगार और औद्योगिक अवसरों का नया केंद्र बनाया जाए। इस औद्योगिक पहल का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) ने बीडा क्षेत्र में लगभग 600 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इस परियोजना से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के असर मिलेंगे और पलायन पर प्रभावी रोक लगेगी। इसके तहत सड़क, बिजली, जलापूर्ति, औद्योगिक प्लॉट्स, वेयरहाउसिंग और कनेक्टिविटी जैसी आधारभूत संरचनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि निवेशकों को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का वास्तविक अनुभव मिल सके। बीडा परियोजना का लाभ बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं रहेगा।

### 100 एकड़ में बनेगा लॉजिस्टिक्स पार्क

बीडा क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के लिए 100 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किया जाएगा। इस परियोजना का निर्माण कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जाएगा। यह पार्क सड़क व रेल नेटवर्क को जोड़ते हुए माल परिवहन को सुगम बनाएगा, जिससे उद्योगों की लॉजिस्टिक लागत घटेगी, सप्लाई चेन मजबूत होगी और निर्यात क्षमता में भी इजाफा होगा।



## शहर में आज

- स्वामी एजुकेशनल महाविद्यालय में अखंड पाठ साहिब का भोग व शबद कीर्तन सुबह 11 बजे से।
- श्रीकृष्ण लीला मैदान बरखेड़ा में संत रविदास हिंदू सम्मेलन दोपहर 12 बजे से।
- फरवरी माह के राशन का वितरण सुबह 08 बजे से।
- सीएचसी पीएचसी पर जन आरोग्य मेला सुबह 09 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### आज आएंगे प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिले के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख रविवार को पीलीभीत आएंगे। वह दोपहर 3 बजे लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में केंद्र सरकार के बजट के संबंध में प्रेसवार्ता करेंगे। इसके बाद लखीमपुर खीरी होते हुए सीतापुर के लिए रवाना होंगे।

### बीज भंडार प्रभारी की शिकायत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** ब्लॉक पूरनपुर के विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, अजयपाल, मुकेश, राजेश आदि ने डीएम से शिकायत की है। जिसमें बताया कि टांडा छत्रपति बीज भंडार के प्रभारी अपनी ड्यूटी छोड़कर स्कूल में डेरा जमाए रहते हैं। ग्रामीणों को भी धमकाता है। इसकी पूर्व में भी आरटीआई के तहत जानकारी मांगी गई तो नहीं दी गई। संबंधित बीज भंडार प्रभारी की जांच कराकर कार्रवार्ड की मांग की है।

### घटिया सामग्री के प्रयोग की डीएम से शिकायत

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम चौसर हरदो पट्टी से रमपुरा नगरिया तक पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही सड़क, पुलियों के निर्माण में ठेकेदार द्वारा मानक के अनुरूप सामग्री न लगाये जाने की शिकायत जिला पंचायत सदस्य प्रियंका गंगवार व उनके पति भाजपा नेता डॉ .क्टर रत्नेश गंगवार ने डीएम से की है। आरोप लगाया कि निर्माण में मानक के अनुरूप समाग्री नहीं लगाई जा रही है। ग्राम प्रधान शोभना कुमारी ने भी गांव के दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों के हस्ताक्षरों का शिकायती पत्र डीएम को दिया है।

### आज से बांटा जाएगा नि:शुल्क राशन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** फरवरी का राशन 8 से 26 फरवरी तक बांटा जाएगा। प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 12 बजे और फिर दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक राशन का वितरण किया जाएगा। ऐसे राशन कार्डधारक, जिनका किन्हीं कारणों से आधार कार्ड नहीं बना है या जिनका अंगूठा/आंखे ई-पॉश मशीन स्वीकार नहीं कर रही है। वह 26 फरवरी को मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकेंगे।

### विधायक ने परखी सड़क की गुणवत्ता

**गजरौला, अमृत विचार :** निर्माणाधीन गजरौलाकलां-शिवनगर मार्ग का बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने वर्तमान में चल रहे कार्य में मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया। इस पर विधायक ने नाराजगी जताई और दोनों ओर समुचित जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# डायलिसिस सेंटर के पास गंदगी मिलने से टीम नाराज

## लखनऊ से आई टीम ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को किया चेक, स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रमों की जानी जमीनी हकीकत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित योजनाओं की वास्तविक स्थिति जानने के लिए शासन से आई टीम को डायलिसिस यूनिट के पास गंदगी जमा मिली। लंबे समय से यहां हो रही जलभराव की स्थिति पर नाराजगी जताई और सुधार कराने के निर्देश दिए गए। टीम ने जिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करने पर जोर दिया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की जमीनी हकीकत परखने के लिए लखनऊ से आई विशेष टीम ने शनिवार को मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल का दौरा किया। टीम में लखनऊ से महाप्रबंधक डॉ. लक्ष्मण सिंह, सलाहकार सरोज कुमार थे। उन्होंने विभिन्न इकाईयों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने डायलिसिस यूनिट का सबसे पहले निरीक्षण किया। जहां डायलिसिस प्रक्रिया, मशीनों की कार्यक्षमता और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान टीम की नजर डायलिसिस यूनिट से सटी जगह पर हो रहे जलभराव पर गई। इसमें लंबे समय से गंदा पानी जमा हो रहा है। बताते हैं कि ये दूषित पानी डायलिसिस यूनिट से ही निकलता है। इसे लेकर टीम ने नाराजगी जताई और जलभराव की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सुधार कराने के निर्देश दिए गए। इसके बाद टीम ने सेंट्रल पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण कर सैंपलिंग प्रक्रिया, रिपोर्टिंग व्यवस्था और मशीनों के संचालन की समीक्षा की। बैक्टीरियोलॉजी और कार्डियोलॉजी विभाग में बोर्ड व मशीनों पर जांच संबंधी चिट लगाने के निर्देश भी दिए गए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। महिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान टीम ने लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर और वार्डों की स्थिति देखी। पीडियाट्रिक वार्ड को भी देखा, जहां कई मरीजों को लेकर जानकारी जुटाई। साथ ही टीकाकरण केंद्र में विस्तार से जानकारी की गई। निरीक्षण अधिकारी ने छूटे हुए बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण गैप का रिकॉर्ड चेक किया। वैक्सीन की उपलब्धता और रखरखाव देखा। एसएनसीयू वार्ड में बच्चों के इलाज की व्यवस्था के बारे में हकीकत परखी। टीम ने स्पष्ट किया कि निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मिशन निदेशक को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही तय होगी। निरीक्षण के दौरान उप प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार, सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर, सीएमएस महिला अस्पताल डॉ. राजेश कुमार, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. अश्वनी गुप्ता, डेंटल विभाग के एचओडी डॉ. केएल गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मानसी सिंह, पैथोलॉजिस्ट डॉ. अफजल, डीपीएम मो.नाजिर, कंसल्टेंट नितिन गंगवार, हेल्प डेस्क मैनेजर राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।


महिला अस्पताल में मरीजों से संवाद करते अधिकारी। ● अमृत विचार


सेंट्रल लैब में मशीनों की जानकारी लेते लखनऊ से आए महाप्रबंधक डॉ. लक्ष्मण सिंह।

### कितनी देर से बैठे हो, डॉक्टर ने ठीक से देखा कि नहीं

शासन से आई टीम ने अस्पताल की समस्त व्यवस्थाओं को चेक करने के बाद वहां मौजूद कुछ मरीजों से भी संवाद किया। डॉ. लक्ष्मण सिंह ने महिला अस्पताल में मौजूद मरीज व तीमारदारों से सवाल किया कि वह कितने देर से बैठे हैं। उन्हें डॉक्टर ने परामर्श सही ढंग से दिया या नहीं। शौचालय, पानी, बैठने आदि की सुविधाएं कैसी हैं। इसके अलावा वार्ड में भर्ती मरीजों से भी संवाद किया। उन्होंने वहां इलाज, रुटीन चेकअप और मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता तक को परखा।

- आईसीयू, पैथोलॉजी, महिला और शिशु वार्ड का किया निरीक्षण

### बिलसंडा सीएचसी का भी किया निरीक्षण

**बिलसंडा, अमृत विचार :** सीएचसी बिलसंडा में शनिवार को स्टेट रिव्यू मॉनिटरिंग की टीम ने निरीक्षण किया। लखनऊ से डॉ लक्ष्मण प्रसाद ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी, औषधि कक्ष, मरीज वार्ड, एक्सरे रूम का आदि का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए जाने को निर्देश दिए। इस दौरान एमओआईसी डॉ. छत्रपाल सिंह, डीपीएम डॉ. राकेश, चाइल्ड केयर कॉर्डिनेटर नितिन गंगवार, फार्मासिस्ट भूपेंद्र, अवधेश गुप्ता समेत स्टाफ मौजूद रहा।

## अस्पताल में पर्स चोरी के बाद संदेह पर भिड़ गईं महिलाएं

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में शनिवार दोपहर दवा लेने आई एक महिला का पर्स अस्पताल परिसर से चोरी हो गया। पर्स गायब होने पर महिला ने पास ही खड़ी दूसरी महिला पर संदेह जताया।

इसके बाद दोनों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। विवाद धीरे-धीरे बढ़ता चला गया और ओपीडी के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोप-प्रत्यारोप के बीच दोनों महिलाओं के बीच हाथापाई जैसी स्थिति भी बन गई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे सुरक्षाकर्मियों ने हस्तक्षेप कर दोनों को अलग किया और स्थिति को नियंत्रित किया। पीड़ित महिला का कहना था कि उसके पर्स में नकदी के साथ जरूरी कागजात भी रखे थे। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षाकर्मियों ने अस्पताल परिसर में छानबीन की, लेकिन काफी देर तक तलाश के बावजूद पर्स का कोई सुराग नहीं लग सका। बाद में दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया गया।

# भारतीय किसान यूनियन भानु ने एसडीएम के समक्ष रखीं किसानों की कई समस्याएं

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम माधौपुर फरदिया स्थित हाईवे से सटे शिव मंदिर परिसर में भारतीय किसान यूनियन (भानू) के कार्यकर्ता शनिवार को जमा हुए। किसानों और ग्रामीणों के साथ विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। तहसील अध्यक्ष रामगोपाल प्रजापति की अगुवाई में कमिश्नर को संबोधित ज्ञापन एसडीएम मयंक गोस्वामी को सौंपा।

एसडीएम के दिए गए ज्ञापन में शिव मंदिर परिसर के ऊपर से प्रस्तावित हाईवोल्टेज विद्युत लाइन बिछाए जाने का विरोध किया गया। मांग की गई कि मंदिर परिसर के ऊपर से गुजरने वाली हाईवोल्टेज लाइन को पूर्व की भांति अंडरग्राउंड कराया जाए। ग्रामीणों और किसानों के खेतों तक सुरक्षित आवागमन के लिए अंडरपास का निर्माण कराया जाए। ग्राम फरदिया में जल निकासी व्यवस्था को पूर्व की भांति सुचारू रूप से चालू किया जाए। इससे हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। एनएचएआई द्वारा हाईवे पर लगाई गई खराब व बंद स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए।ग्राम बरातवोझ में हाईवे निर्माण प्लांट से निकलने वाले वाहनों के कारण सड़क पर जमी मिट्टी व धूल से हो रहे हादसों को रोकने के लिए नियमित पानी का छिड़काव कराया जाए। सड़क की सफाई कराई जाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी, जिला महामंत्री अशोक राठौर, नंदकिशोर राठौर आदि मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू भानु कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- अंडरग्राउंड बिजली लाइन डालने समेत मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

## शिविर में दी महत्वपूर्ण जानकारी

**बीसलपुर, अमृत विचार:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का एक दिवसीय शिविर शनिवार को आयोजित किया गया।

स्वयंसेवकों एवं स्वयं सेविकाओं ने निश्चित समय पर निर्धारित वेशभूषा में महाविद्यालय में उपस्थित होकर सरस्वती पूजन और लक्ष्य गीत का गायन किया। जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. जगदंबा कुमार रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों/स्वयं सेविकाओं को साइबर क्राइम से संबंधित कानून के विषय में जानकारी दी। शिविर की समस्त गतिविधियां कार्यक्रम अधिकारी छात्र इकाई, छात्रा इकाई प्रथम एवं छात्रा इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी क्रमशः डॉ रोहित पटेल, डॉ चंद्रप्रभा गंगवार व महेन्द्र पाल के निर्देशन एवं एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ. सुनीत कुमार साहनी के मार्गदर्शन में संचालित की गई।

# एसपी के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

- कृषि भूमि बेचने को लेकर धोखाधड़ी करने का मामला

**बीसलपुर, अमृत विचार :** एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने फरीदपुर बरेली के मोहल्ला ऊंचा नई बस्ती निवासी इरशाद अली खां की ओर से धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

दर्ज की गई रिपोर्ट में इरशाद अली खां ने बताया कि वह 27 जनवरी 2023 को फरीदपुर निवासी वकील अहमद, बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रिछोला सबल निवासी सलीम उसके पास आए। उन्होंने बताया कि लालाराम निवासी ग्राम विचोला संभल अपनी कृषि भूमि बेच रहे हैं। वह 27 जनवरी को लोगों के साथ लालाराम के घर गए। बातचीत होने पर नोटरी अधिवक्ता के पास जाकर लालाराम ने अपनी भूमि करीब 16 बीघा का सौदा आठ लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से 1.28 करोड़ रुपये में किया था। इसके बाद उसने 10 लाख रुपये बतौर बयाना देकर नोटरी शपथ पत्र लिखवाकर लालाराम ने उन्हें दिया। जमीन पर कब्जा दिया गया और यह तय हुआ कि इरशाद अली खां भूमि विक्रय करके रुपया लालाराम को अदा करेगा। लालाराम विक्रेताओं को बैनामा करता रहेगा। इसकी एक रसीद भी नोटरी द्वारा लिखकर क्रेता को दी गई। भूमि विक्रय करने की अनुमति दी गई। इसके बाद इरशाद अली ने अपना एक व्यक्ति बिक्री के लिए मौके पर बैठा दिया। उसके ठहरने के लिए कमरा भी बनवा दिया। इसके बाद भूमि का विक्रय शुरू कर दिया। लालाराम ने कई किस्तों में उसे 32.23 लाख रुपये ले लिए। अब बैनामा कराना नहीं चाहता है। भूमि की कीमत बढ़ जाने के कारण लालाराम, उसका पुत्र अजय वीर की नियत खराब हो गई। दीवानी न्यायालय में झूठा कथन करके बाद दायर कर दिया है। जबकि भूमि पर 27 अप्रैल 2023 से उनका कब्जा है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### पुरानी रंजिश में ग्रामीण पर घर में घुसकर किया हमला एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर ग्रामीण पर घर में घुसकर हमला कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली में दी तहरीर में ग्राम जल्लापुर निवासी वृंदावन ने बताया कि पुरानी रंजिश में 4 फरवरी की रात 8 बजे हरीश कुमार दोनाली बंदूक, राकेश कुमार व रानी पत्नी छत्रपाल और मंजू देवी पत्नी राकेश कुमार लाठी-डंडे लेकर उनके घर पर आए। मेन दरवाजा तोड़कर मकान के भीतर घुसकर हमला कर दिया। आरोप है कि हरीश कुमार ने बंदूक की बट से सीने पर वार किए। अन्य लोग लाठी-डंडे पीटते रहे। बांके से वार करके घायल कर दिया। शोर सुनकर परिवार के लोग बचाने आए तो उनको भी पीटा और धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मामले में हरीश कुमार, राकेश कुमार, आकाश, शिवम, मंजू देवी पत्नी राकेश कुमार, रानी पत्नी छत्रपाल निवासी ग्राम अदिनापुर फरीदपुर बरेली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# 69 स्टेटिक मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जिले में 41,821 परीक्षार्थी देंगे यूपी बोर्ड परीक्षा, कैमरे से भी होगी निगरानी

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू होने में अब सिर्फ 12 दिन शेष रह गए हैं। परीक्षा को संपन्न कराने के लिए माध्यमिक शिक्षा और जिला प्रशासन ने पूरी तरह कमर कस ली है। नकल पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए परीक्षा केंद्रों पर 69 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। साथ ही त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी के जरिए हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी।

बता दें कि 18 फरवरी से शुरू हो रही है, जोकि 12 मार्च तक रहेगी। बोर्ड परीक्षा में जिले से कुल 41,821 परीक्षार्थी हैं। इनमें हाईस्कूल के 23,241 और इंटरमीडिएट के 18,580 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षाओं के लिए जिले में 69 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की जा रही है। जिले में कुल 69 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं, जो परीक्षा शुरू होने से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के सील होने तक केंद्र पर ही मौजूद रहेंगे। वहीं गोपनीयता बनाए रखने के लिए केंद्र व्यवस्थापक के साथ समन्वय कर किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को रोकना होगा। इसके अलावा जोनल मजिस्ट्रेट और फ्लाइंग स्क्वायड भी तैनात किए जाएंगे। वहीं, भंडार गृह पर पहुंची उत्तर पुस्तिकाओं को डबल लाक वाले स्ट्रांग रूम में रखा गया है। इन कमरों की 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। डीआईओएस राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी 69 केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गई है, जो सीधे तौर पर जवाबदेह होंगे। उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूम की निगरानी सीसीटीवी से की जा रही है।

# दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन, विजेता पुरस्कृत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज में चल रही दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ।

अंतिम दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच दिमागी संघर्ष देखने को मिला। विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने अपनी बौद्धिक क्षमता और रणनीतिक सोच का प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल में कई मुकाबले हुए। इसके बाद फाइनल मैच हुए। जिसमें प्राइमरी बालिका वर्ग में अवरीत कौर (इनिशियम ग्लोबल स्कूल), बालक वर्ग में अदम्या (लिटिल एंजेल्स पब्लिक स्कूल), जूनियर बालिका वर्ग में देवांशी कपूर (लिटिल एंजेल्स पब्लिक स्कूल), बालक वर्ग में कौस्तुभ सिंह (लिटिल एंजेल्स पब्लिक स्कूल), सीनियर बालिका वर्ग में मोनिका वर्मा (स्प्रिंगडेल कॉलेज), बालक वर्ग में आजम अंसारी (लायंस बाल विद्या मंदिर) विजेता बने। निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता, प्रधानाचार्या प्रिया आनंद ने विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



विजेताओं को पुरस्कृत करते निदेशक और प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

# हिंदू महासंघ ने मनाई संत रविदास की जयंती


कार्यक्रम में विश्व हिंदू महासंघ कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बल्लभनगर कॉलोनी स्थित विश्व हिंदू महासंघ की सनातन रक्षा वाहिनी प्रकोष्ठ कार्यालय में शनिवार को बैठक कर संत रविदास की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री डॉ. जीएल वर्मा एडवोकेट रहे। सभी ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

मुख्य अतिथि ने कहा कि संत रविदास उस समय दार्शनिक और समाज सुधारक थे। उन्होंने भक्ति आंदोलन के दौरान जाति आधारित भेदभाव, सामाजिक असमानता के खिलाफ आवाज उठाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नितिन राठौर, श्याममूर्ति, जगदीश राठौर, गौरव जायसवाल, मनीष वर्मा, अरुण गंगवार, गौरव राना, मनोज राजपूत, विनोद राठौर, आकाश जायसवाल, देवेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे। अंत में गौरव राना को जिला महामंत्री, आनंद स्वरुप को मरौरी ब्लॉक क्षेत्र मंत्री और दिनेश कुमार को ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

# पहल : सीयूजी पर चिकित्सक से होगा संवाद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मातृ मृत्यु दर घटाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने की पहल सात सीएचसी हुए हाईटेक
- अब प्रसव से जुड़ी हर परेशानी पर डॉक्टर, नर्स और आया के लिए सिर्फ एक कॉल

**अमृत विचार :** जिले में मातृ मृत्यु दर घटाने और सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी पहल की है। अब गर्भवती महिलाओं की सेहत पर विभाग की सीधी नजर रहेगी। इसके लिए जिले की सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को विशेष सीयूजी मोबाइल फोन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे महिलाएं घर बैठे चिकित्सकीय सलाह और आपात सहायता प्राप्त कर सकेंगी।


बता दें कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम करने के लिए शासन स्तर से प्रयास किया जा रहा है। कई बार ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती और डॉक्टर के बीच समन्वय स्थापित नहीं हो पाता है। ऐसे में अब स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टर और मरीज के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से जिले के सातों ब्लाकों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 24 घंटे सक्रिय रहने वाली सीयूजी सेवा शुरू की है। इस डिजिटल व्यवस्था के तहत अब गर्भवती महिलाएं सीधे सीएचसी पर तैनात डॉक्टरों, स्टाफ नर्सों और आया से संपर्क कर सकेंगी। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि यह योजना केवल महिलाओं द्वारा कॉल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि अस्पताल का स्टाफ भी सक्रिय रूप से गर्भवती महिलाओं से संपर्क करेगा। प्रत्येक लाभार्थी महिला को हर माह दो बार फोन कॉल और एक एसएमएस भेजकर उनकी सेहत, खान-पान, दवाओं और टीकाकरण की जानकारी ली जाएगी। आपात स्थिति में सीयूजी नंबर के माध्यम से तत्काल चिकित्सकीय सलाह और एंबुलेंस सेवा भी सुनिश्चित की जाएगी।

### पुरुषों के काल करने पर होगी सख्त कार्रवाई

सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि सीयूजी सेवा विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए है। यदि कोई पुरुष इस नंबर पर अनावश्यक कॉल करता है या सेवा का दुरुपयोग करने का प्रयास करता है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### इनको मिले सीयूजी

| ब्लॉक का नाम | नंबर |
|---|---|
| अमरिया | 8679289793 |
| बरखेड़ा | 8679370590 |
| बिलसंडा | 8679571123 |
| बीसलपुर | 8679430366 |
| मरौरी | 9286797460 |
| ललौरीखेडा | 8679448034 |
| पूरनपुर | 9634108165 |



न्यूज ब्रीफ

## 188 दिन इलाज के बाद घायल युवक ने दम तोड़ा

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : कस्बा बरखेड़ा के रहने वाले अभिषेक मिश्रा (28) का 2 अगस्त 2025 को जनपद शाहजहांपुर के थाना निगोही क्षेत्र में हादसा हो गया था। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल के छोटे भाई अभिनव कुमार मिश्रा ने 11 अगस्त को थाना निगोही में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घायल की हालत लगातार गंभीर बनी हुई थी। परिवार वालों ने बरेली और दिल्ली के निजी अस्पतालों में इलाज कराया लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद बीते दिनों परिजन उसे घर ले आए थे और इलाज जारी रहा। शुक्रवार शाम को घर पर ही अभिषेक मिश्रा की मौत हो गई। इसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई। इंस्पेक्टर बरखेड़ा प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


अभिषेक मिश्रा

## पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव अलियापुर के निवासी बिहारी पुत्र नेमचंद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री ज्योति देवी की शादी वर्ष 2005 में जनपद बरेली के थाना प्रेम नगर क्षेत्र के गांव छोटी बिहार निवासी आकाश पुत्र रामचंद्र से हुई थी। ससुराल वाले दिए गए दहेज से खुश नहीं थे। 12 जनवरी को पति आकाश, ससुर रामचंद्र, सास माया देवी ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## हादसे में घायल बाइक सवार की बरेली में मौत

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : सड़क हादसे में घायल हुए श्रमिक की बरेली के अस्पताल के इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के ग्राम परेवा अनूप के रहने वाले 33 वर्षीय घनश्याम पुत्र द्वारिका प्रसाद पांच फरवरी को चचेरे भाई देवेंद्र के साथ वैवाहिक कार्यक्रम की दावत बांटने के लिए बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे थे। माला रोड पर अजीतपुर पटपरा गांव के पास स्कूटी से बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। घनश्याम को हालत गंभीर होने पर बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां शुक्रवार देर शाम मौत हो गई। थाना बरखेड़ा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। हादसे के बाद पत्नी राजवती का रोकर बुरा हाल रहा। मृतक के तीन बच्चे हैं।

# पीटीआर : बाघ-तेंदुओं को छोड़कर अब छोटे वन्यजीवों को रेस्क्यू करेंगे बाघ मित्र

- आबादी क्षेत्र में हिरन, बिज्जू, सांपों की हो रही मौतों पर लग सकेगा अंकुश
- टीएसए व गोरखपुर प्राणि उद्यान के एक्सपर्ट बाघ मित्रों को करेंगे प्रशिक्षित

सुनील यादव, पीलीभीत

**अमृत विचार** : जंगल से बाहर निकलकर आबादी क्षेत्र में पहुंचे हिरन-बिज्जू समेत अन्य छोटे वन्यजीवों की अब दुर्घटनाओं का शिकार नहीं हो सकेंगे। अब इन्हें तत्काल सुरक्षित रेस्क्यू किया जाएगा। इन अहिंसक एवं छोटे वन्यजीवों को सुरक्षित रेस्क्यू करने की जिम्मेदारी अब बाघों की निगरानी में अहम भूमिका निभा रहे बाघ मित्रों को दी जाएगी। इसके लिए इन बाघ मित्रों को विशेषज्ञों द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद बाघ मित्र आकस्मिक परिस्थितियों में इन अहिंसक और छोटे वन्यजीवों को रेस्क्यू कर सकेंगे।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व को एक दशक पूर्व टाइगर रिजर्व का दर्जा मिलने के बाद यहां के जंगलों में वन्यजीवों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई। जानकारों के मुताबिक तो टाइगर रिजर्व बनने के बाद यहां अधिकांश परिवर्तन बाघ संरक्षण परियोजना लागू होने के बाद ही हुआ है। वन एवं वन्यजीवों की बेहतर सुरक्षा होने से अवैध रूप से होने वाली इंसानी घुसपैठ भी कम हुई। इन सबसे पीलीभीत टाइगर रिजर्व की जैवविविधता भी संरक्षित हुई। यही वजह है कि यहां बेहतर पर्यावास होने से बाघ समेत अन्य वन्यजीवों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। टाइगर रिजर्व में बाघ-तेंदुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी होने के साथ में हिरन, चीतल, सांभर, भालू, पाढ़ा, जगली सुअर, बिज्जू, खरगोश समेत विभिन्न प्रजातियों के सांपों आदि की संख्या में खासा इजाफा हो रहा है। मगर, इन सबके बीच बाघ-तेंदुओं के साथ ही शाकाहारी समेत अन्य छोटे वन्यजीवों ने भी जंगल से निकलना तेजी से शुरू कर दिया गया है। इसमें कई अहिंसक एवं छोटे वन्यजीव भी होते हैं। प्रायः यह अहिंसक एवं छोटे वन्यजीव आबादी क्षेत्रों की ओर से रुख कर जाते हैं। आबादी क्षेत्रों की ओर रुख करने से इनकी जान को लगातार खतरा बना रहता है। कहीं यह अहिंसक और छोटे वन्यजीव शिकारियों के हत्थे चढ़ जाते हैं तो कहीं ये ग्रामीणों की भीड़ का शिकार होते हैं।

कहीं-कहीं इन छोटे वन्यजीवों को ग्रामीणों द्वारा पकड़ने के मामले में सामने आते हैं। ऐसे में कुछ वन्यजीवों की मौत भी हो जाती है। वन अफसरों की मानें तो ऐसी घटनाओं में सर्वाधिक मौतें हिरनों की होती है। दरअसल, इनकी सर्वाधिक मौतों का कारण हार्ट अटैक होता है। विशेषज्ञों के मुताबिक शिकारियों या ग्रामीणों द्वारा जब हिरन को पकड़ा जाता है तो हिरनों में एक विशेष प्रकार की प्रतिक्रिया होती है जिसे कैप्चर मायोपैथी कहा जाता है, जिसमें उनके शरीर में तनाव हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है और उनके मांसपेशियों में रक्त का प्रवाह कम हो जाता है। इससे उनके हृदय पर दबाव पड़ने से उनकी मौत हो जाती है। इसके अलावा सेही, खरगोश, बिज्जू, सांप समेत कई अन्य छोटे वन्यजीवों की मौतों के मामले सामने आते रहते हैं। मगर, अब इन छोटे वन्यजीवों की इस तरह से होने वाली मौतों पर अंकुश लगाने और इन्हें सुरक्षित रेस्क्यू करने को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई है।


ग्रामीणों की भीड़ के बीच अजगर को रेस्क्यू करते वनकर्मी।

### बाघ मित्रों का अगले सप्ताह होगा प्रशिक्षण

पीलीभीत टाइगर रिजर्व ने विश्व प्रकृति निधि के साथ मिलकर जंगल से बाहर निकलने वाले अहिंसक और छोटे वन्यजीवों को सुरक्षित रेस्क्यू को लेकर प्लान तैयार किया है। इसमें बाघों की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बाघ मित्रों को अहम जिम्मेदारी दी जा रही है। इसके लिए बकायदा इन बाघ मित्रों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। विश्व प्रकृति निधि के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार के मुताबिक बाघ मित्रों को प्रशिक्षण टीएसए फाउंडेशन इंडिया और गोरखपुर प्राणि उद्यान के एक्सपर्ट द्वारा दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण दो अलग-अलग बैच में संपन्न कराया जाएगा। पहले बैच का प्रशिक्षण टाइगर रिजर्व के सप्त सरोवर पर्यटन स्थल स्थल पर आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरे बैच को मुस्तफाबाद रेंज परिसर या फिर पीटीआर मुख्यालय पर दिया जाएगा। संभवता अगले सप्ताह यह प्रशिक्षण दिया जाएगा।

> प्रशिक्षण के दौरान बाघ मित्रों को जंगल से बाहर निकले छोटे वन्यजीवों को किस प्रकार हैंडल करना, ग्रामीणों को क्या करें क्या न करें के प्रति जागरूक करना और उन्हें किस तरह सुरक्षित कवर कर सके, इनसे संबंधित बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण के बाद बाघ मित्र आकस्मिक परिस्थितियों में इन अहिंसक और छोटे वन्यजीवों को रेस्क्यू कर सकेंगे। - **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

# सड़क सुरक्षा मुहिम शपथ दिलाने और दावों तक सीमित

## एक तरफ हादसों की रोकथाम के प्रयास दूसरी तरफ फ्लाईओवर पर भी प्रचार, ठेकेदार को फ्लैक्स होर्डिंग लगाने से मतलब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : कुछ दिन पहले ही जिला पंचायत क्षेत्र से अवैध तरीके से बिना स्ट्रक्चर सर्टिफिकेट जमा किए यूनीपोल का मकड़जाल फैलाने से जुड़ा मामला उजागर हुआ। कार्रवाई के नाम पर अपर मुख्य अधिकारी की ओर से ठेकेदार के खिलाफ महज नोटिस जारी किया गया और कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल दी गई। न तो अवैध तरीके से यूनीपोल हटाए जा सके, न ही सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीरता दिखी। इधर, यूनीपोल के साथ ही होर्डिंग्स और फ्लेक्स लगाने में भी ठेकेदारों की मनमानी हावी है। जहां-तहां असुरक्षित तरीके से प्रचार प्रसार का ठेका चलाया जा रहा है। खास बता है कि नियम उल्लंघन पर कार्रवाई करने वाले जिम्मेदारों की ओर से इस दिशा में कोई एक्शन नहीं लिया जा सका है।

पिछले कुछ समय में राजनीतिक दल हो, या फिर निजी प्रतिष्ठान। खुद के प्रचार प्रसार के लिए होर्डिंग, फ्लैक्स और यूनीपोल का चलन तेजी से बढ़ा। नगर पालिका, नगर पंचायत हो या फिर जिला पंचायत क्षेत्र सभी जगह इसकी भरमार है। सवाल सिर्फ एक ही है, कि क्या इनमें नियमों का पालन हो भी रहा है या नहीं। प्रचार प्रसार से जुड़ा ठेका करने के बाद जिम्मेदारों की ओर से कोई सुध नहीं ली जा सकी है। जिला पंचायत क्षेत्र में लगाए गए यूनीपोल बिना स्ट्रक्चर सर्टिफिकेट के लगाए गए।

इसे स्वीकारने के बाद भी कोई एक्शन नहीं लिया गया। इसके अलावा जनपद भर में होर्डिंग्स और फ्लैक्स लगाने में भी ठेकेदारों के ऊपर अधिकारी मेहरबान से दिखाई दे रहे हैं। भले ही सड़क हादसों की रोकथाम के लिए तमाम जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हो, लेकिन कई बार हादसों का सबब बनने वाले इन नियम विरुद्ध तरीके से लगाए गए होर्डिंग्स फ्लैक्स पर कार्रवाई नहीं की जा सकी है। इसका कोई मानक ही तय नहीं दिखता। सड़क किनारे जहां पर जगह मिली, वहां पर ठेकेदार की ओर बांस-बल्ली लगाकर होर्डिंग्स फ्लैक्स लगा दिए गए हैं। इसकी मजबूती पर भी कोई ध्यान नहीं है, जबकि कई बार तेज हवा और आंधी चलने पर व्यस्ततम मार्गों पर होर्डिंग्स फ्लैक्स गिरने से हादसे का डर भी बना रहता है। बीते कुछ समय में आलम ये है कि नौगवां ओवरब्रिज पर भी सड़क की तरफ होर्डिंग्स की भरमार हो चुकी है। पहले तो सड़क पर और फिर ऊपर ओवरब्रिज से सटकर ही सड़क की ओर से लटकते होर्डिंग्स से हादसे का डर बना हुआ है, जबकि कई जिम्मेदार भी ये बताते हैं कि फ्लाईओवर की ओर से लटकाकर होर्डिंग्स लगना सख्त वर्जित है। इससे वाहन चालकों का ध्यान भटकने का डर रहा है। इतना ही नहीं सड़कों पर लटते हुए या पैदल चलने वाले रास्ते पर बाधा डालने वाले होर्डिंग्स भी प्रतिबंधित बताए जाते हैं। नौगवां चौराहा से ही बसें समेत अन्य सवारी वाहन संचालित होती हैं। ऐसे में दिन ही नहीं रात के वक्त भी भीड़ रहती है। ऐसे में फिलहाल तस्वीर जिम्मेदारों के दावों पर सवाल खड़े करती दिख रही है।


टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा से पूर्व मोड़ पर सार्वजनिक ऑटोमेटिक शौचालय पर होर्डिंग फ्लैक्स। ● अमृत विचार


नौगवां ओवरब्रिज पर सड़क की तरफ लगाए गए होर्डिंग फ्लैक्स। ● अमृत विचार

### चौराहों के सौंदर्यीकरण को भी लगा दिया ग्रहण, कहां गए नियम

शहर को सुंदर बनाने के लिए मुहिम चलाई गई। निजी संस्थानों के सहयोग से चौराहों का सौंदर्यीकरण कराया गया। रंग बिरंगी लाइटों से जगमग किया गया। उस दौरान सख्ती दिखाते हुए चौराहों के चारों तरफ के रास्तों से अतिक्रमण हटवाया गया और होर्डिंस फ्लैक्स भी 100 मीटर के दायरे में प्रतिबंधित किए गए। कुछ समय तक सख्ती से पालन भी होता रहा। मगर अब सौंदर्यीकरण कराए गए चौराहों की सुंदरता को प्रचार प्रसार के होर्डिंग्स और फ्लैक्स ने ग्रहण लगा दिया है। कहीं निजी प्रतिष्ठान तो कहीं राजनीतिक दल के नेताओं का प्रचार प्रसार हो रहा है। मगर फर्क सिर्फ इतना है कि अब अपने ही नियमों का पालन कराने की जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं।

### ऑटोमेटिक शौचालय को भी बना दिया प्रचार प्रसार का प्वाइंट

बीते सालों में नगर पालिका की ओर से शहरवासियों की सहुलियत के लिए गौहनिया चौराहा के पहले मोड़ पर लाखों रुपये खर्च कर ऑटोमेटिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। यह बात दीगर रही कि इसका लाभ चंद दिन ही लोगों को मिल सका। इसके बाद से ये बंद ही पड़ा रहा। मगर अब इसे भी ठेकेदारों ने प्रचार प्रसार के होर्डिंग्स लगाने का प्वाइंट बनाकर छोड़ दिया है। तमाम होर्डिंग्स लगा दिए गए हैं। जिससे निजी प्रतिष्ठानों का प्रचार प्रसार चल रहा है। पीछे की तरफ लाखों की लागत से बना शौचालय पूरा ढक चुका है।

## 10 अप्रैल को होगा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

**पीलीभीत, अमृत विचार** : जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में अनंतिम मतदाता सूची पर दावे और आपत्ति का समय एक माह और बढ़ा दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब 6 मार्च तक लोग सूची पर दावे और आपत्ति दर्ज करा सकेंगे।

जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों में बीते 6 जनवरी को जिले की अनंतिम मतदाता सूची जारी हुई थी। इस सूची पर दावे और आपत्ति का अंतिम समय छह फरवरी तक रखा गया था। इधर, शुक्रवार शाम चुनाव आयोग ने लगातार हो रहे आवेदनों को देखते हुए अब एक माह का समय और बढ़ाते हुए छह मार्च तक समय दिया है। ऐसे में लोगों को अपना वोट बचाने, नई वोट बनवाने, कटवाने और संशोधन के लिए समय मिल गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 06 मार्च तक, नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों एवं आपत्तियों का निपटान की तिथि 27 मार्च तक तक निर्धारित की गई है। मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 10 अप्रैल को होगा।

## 70 शिकायतों में 10 का किया मौके पर निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील बीसलपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 70 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिसमें मौके पर 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

डीएम ने कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण करें। इस दौरान दो मृतक खातेदारों की विरासत की खतौनी उनके वारिसों को दी गई और ही घरौनी का वितरण किया गया। इसके बाद डीएम ने विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा के साथ ग्राम फिरसा चुर्राह पहुंचकर चौपाल का आयोजन किया। ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा, एसडीएम नागेंद्र पांडेय, सीएमओ डॉ.आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।


गांव फिरसा चुर्राह पहुंचे विधायक व डीएम।

- बीसलपुर तहसील में किया संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

## माला रेंज से सटे इलाके में मिला हिरन नरमुंड

**पीलीभीत, अमृत विचार** : गजरौला थाना क्षेत्र के गांव बैजूनगर से सटे माला रेंज से सटे इलाके में बीते शुक्रवार सुबह गांव बैजुनगर के कुछ ग्रामीण घास काटने जा रहे थे। इस दौरान उन्हें एक हिरन के सिर का कंकाल दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसकी वीडियो और फोटो बनाकर वायरल कर दिया। हालांकि फोटो में कंकाल काफी पुराना दिखाई दे रहा है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हिरन की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई या फिर किसी हिंसक जानवर के हमले में हुई। ग्रामीणों के मुताबिक इस मामले की सूचना वन विभाग को नहीं दी गई है। वन एंव वन्यजीव प्रभाग के वन अफसरों ने ऐसी किसी जानकारी होने से इंकार किया है।

## बीएलओ के बेटे से मारपीट, दी तहरीर

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार**: मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के दौरान फार्म भरने को लेकर हुए विवाद में बीएलओ के बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

मामला क्षेत्र के ग्राम करनापुर का है, जहां बीएलओ शाहनवाज बेगम मतदाता पुनरीक्षण का कार्य कर रही थीं। कार्य शीघ्रता से निपटाने के लिए उन्होंने अपने बेटे को भी सहयोग के लिए साथ रखा था। शनिवार दोपहर फार्म भरने के दौरान कुछ ग्रामीणों ने अपना फार्म पहले भरवाने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। बीएलओ द्वारा मना किए जाने पर उक्त लोगों ने उनके बेटे के साथ मारपीट कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एक आरोपित को हिरासत में लेकर थाने ले गई। वहीं बीएलओ ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं गांव में एसआइआर के दौरान बीएलओ पक्ष से अनियमितता की भी चर्चाएं हैं। बीईओ कृष्ण कुमार शुक्ला ने बताया कि ग्राम करनापुर में एसआईआर कार्य के दौरान बीएलओ के बेटे के साथ मारपीट की शिकायत प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि बीएलओ का बेटा वहां किस भूमिका में मौजूद था, इसकी भी जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


बीएलओ के बेटे से पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

- पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया

## निरस्त हों संदिग्ध प्रपत्र-7 कराई जाए पारदर्शी जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- फर्जी शिकायतों पर वोट काटने की साजिश का आरोप

**अमृत विचार** : एक दिन पूर्व प्रेसवार्ता कर एसआईआर के दौरान प्रपत्र-7 के जरिए फर्जी तरीके से वोट काटने की साजिश का आरोप लगाने के बाद समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने पूरनपुर एसडीएम का घेराव किया। उन्होंने फर्जी शिकायतों पर वोट काटने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को राजकुमार राजू पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ पूरनपुर तहसील पहुंचे। उनका कहना था कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के नाम पर प्रपत्र-7 के जरिए सुनियोजित तरीके से मतदाताओं के वोट काटने की साजिश की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को सौंपा गया। जिसमें कहा कि पूरनपुर क्षेत्र के कई बूथों पर बड़ी संख्या में ऐसे प्रपत्र-7 भरे पाए गए जिनके बारे में स्वयं तथाकथित आपत्तिकर्ताओं को कोई जानकारी ही नहीं है। इसे लोकतंत्र पर हमला बताया। कहा कि फर्जी हस्ताक्षरों व दबाव में मताधिकार छीनने की कोशिश चिंताजनक है। पूर्व विधायक अरशद खां, पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव, सछास के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी, ओम शर्मा, संजय खान,नाबीर अली मंसूरी,बसंत भारती आदि मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट परिसर में जिला संयुक्त बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण आयोजित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : जिला संयुक्त बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार रहे। उन्होंने पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई।

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किए गए जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह की पूर्व में ही तैयारियां कर ली गई थी। मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण करके शुरुआत की गई। जिला जज ने संयुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजीव अवस्थी, महासचिव विद्याराम वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार शर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप रस्तोगी, कोषाध्यक्ष लेखराज वर्मा, समेत अन्य पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय संजीव कुमार सिन्हा, अपर जिला जज विजय कुमार डुंगराकोटि, अपर जिला जज गीता सिंह, अपर जिला जज छांगुर राम, अपर जिला जज महेशानंद झा, अपर जिला जज राम किशोर, अपर जिला जज अनु सक्सेना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव अपर जिला जज सतीश कुमार, सीजेएम मंगलदेव सिंह, एसीजेएम सुंदरपाल, एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, एडवोकेट अशोक बाजपेयी, संतराम राठौर, अमित पाठक, फैजान अली खां आदि मौजूद रहे।



बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण में मंचासीन अतिथि व बार पदाधिकारी।

- शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कई अफसर भी हुए शामिल

## फर्जी तरीके से काटा वोट तो आंदोलन तय: जग्गा

**पीलीभीत, अमृत विचार** : नकटादाना चौराहा के पास स्थित सपा कार्यालय पर शनिवार को मासिक बैठक में संगठन की बूथ स्तर तक समीक्षा की गई। वहीं, एसआईआर को लेकर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं सक्रियता का पाठ पढ़ाया गया।

जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने संगठन की मजबूती, बूथ प्रबंधन और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय किया जाए और जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाए। एसआईआर के दौरान फॉर्म-7 के माध्यम से मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी को लेकर कड़ा रुख अपनाया। कहा कि अगर किसी भी मतदाता का फर्जी तरीके से वोट काटा गया और सही मतदाताओं के अधिकारों से छेड़छाड़ की गई तो समाजवादी पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मौके पर युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, नफीस अहमद अंसारी, नरेंद्र मिश्रा कट्टर, दिव्या गंगवार, काशीराम सरोज, हाजी अकबर अहमद अंसारी, जिला प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट, गयासुद्दीन, बीडी प्रजापति, रियाज़ खां आदि रहे।


बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा।

- समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में हुई समीक्षा, प्रपत्र -7 को लेकर जताया कड़ा रुख

REQUIREMENT
Junior Copy Editor/Junior Copy Writer
Marketing Executive
Working Location
• Lucknow • Bareilly
• Moradabad • Rampur
• Haldwani • Rudrapur • Kashipur
Experience : 1-2 years
(Freshers can also apply)
Salary : As per qualification
If you want to build a career in the media, this is the right opportunity for you.
Send your CV :
head.hr@amritvichar.com
9220796663
अमृत विचार
H.O. : Near Satellite Bus Stand, Pilibhit bypass Road, Bareilly



# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
- ब्रेन हैमरेज
- स्लिप डिस्क
- ब्रेन ट्यूमर
- मिर्गी का दौरा
- गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
- रीढ़ की चोट, टी.बी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- कमर दर्द, कंधों में दर्द
- पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
- सिर की चोट (हेड इंजरी)
- हाथ पैरों में झनझनाहट
- फालिज (लकवा)
- नसों का दर्द
- सियाटिका (कमर से पैरों का दर्द)
- दिमागी में पानी व खून जमना
- दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन

Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# मानव-हाथी संघर्ष पर रोक लगाने की कवायद

## कार्यशाला के अंतिम दिन एलीफेंट एक्सपर्ट ने किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कार्यशाला में जानकारी देते एलीफेंट एक्सपर्ट दबीर हसन।

- गोमती उदगम स्थल पर कार्यशाला में अधिकारियों ने मुआवजा प्रक्रिया की दी जानकारी

**अमृत विचार** : वन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा विश्व प्रकृति निधि के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन कार्यशाला के अंतिम दिन जन समुदाय के सहयोग से मानव-हाथी संघर्ष पर रोकथाम लगाने पर जोर दिया गया। राजस्व विभाग के अफसरों ने मुआवजा प्रक्रिया आदि के बारे में बताया। वहीं कर्तनियाघाट से आए एलीफेंट एक्सपर्ट ने हाथियों के व्यवहार और उनकी आमद के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया।

जनपद में बढ़ रह मानव-हाथी संघर्ष की रोकथाम को लेकर वन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा दो दिवसीय मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। बीते शुक्रवार को मरौरी सभागार में कार्यशाला का शुभारंभ किया गया था। इधर शनिवार को माधोटांडा स्थित गोमती उदगम स्थल पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान वन एवं वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय निदेशक भरत कुमार डीके ने कहा कि जनपद में मानव-हाथी संघर्ष बढ़ रहा है। इसे रोकने में जनसमुदाय की भागीदारी भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। समय रहते सूचना, जागरुकता एवं सतर्कता से मानव-हाथी संघर्ष पर रोकथाम की जा सकती है। साथ ही कार्यशाला में प्रशिक्षित बाघ मित्र एवं विभागीय कर्मचारी मानव-हाथी संघर्ष को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। तहसीलदार सदर अर्ची गुप्ता ने फसलों के नुकसान पर अपनाई जाने वाली मुआवजा प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में कर्तनिया घाट से आए वरिष्ठ परियोजना अधिकारी/एलीफेंट एक्सपर्ट दबीर हसन ने तराई एलिफेंट रिज़र्व समेत हाथियों के व्यवहार और उनके प्राकृतिक आवासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया, समुदाय आधारित संस्थाओं एवं त्वरित प्रतिक्रिया दलों के गठन पर आदि पर जोर दिया, ताकि जनपद में बढ़ रहे मानव-हाथी संघर्ष पर अंकुश लगाया जा सके। कार्यशाला का संचालन कर रहे विश्व प्रकृति निधि के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने विभिन्न प्रकार के होने वाले नुकसान और उनकी मुआवजा प्रकिया से सभी अवगत कराया। कार्यशाला में उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान, निर्भय सिंह समेत वन अफसर, वनकर्मी, बाघ मित्र, ग्राम प्रधान एवं इको विकास समितियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंची स्वास्थ्य सेवा यात्रा, हुई जांचें



**पीलीभीत, अमृत विचार** : भारत ट्रस्ट द्वारा संचालित गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 के तहत भारत-नेपाल सीमा से सटे जिले के दूरस्थ और दुर्गम गांवों में दूसरे दिन शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। नारायणपुर, इटारिया, गुलड़िया खास, रुद्रपुर, भवानीगंज, राजपुर, लाहा आदि गांवों में शिविर लगाए गए। नेत्र, त्वचा, स्त्री एवं बाल रोग से संबंधित जांच की गई। 1150 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। मेडिकल कॉलेज प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा भी मौजूद रही। उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर चिकित्सकीय दल का मार्गदर्शन किया। जिला प्रभारी एवं एनएमओ मेरठ प्रांत के उपाध्यक्ष डॉ. निधीश कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### घर-घर जाकर दी एसआईआर से जुड़ी जानकारी



**पीलीभीत, अमृत विचार** : राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत रामलुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय की ओर से शनिवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एसआईआर फॉर्म को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। छात्राओं ने विशेषकर महिलाओं एवं युवाओं को एसआईआर को लेकर आवश्यक जानकारी दी। नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम संशोधन और नाम जोड़ने व हटाने की प्रक्रिया के बारे में बताया। स्वयंसेविकाओं घर-घर पहुंची और सरल भाषा में एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया समझाई। प्रियांशी, रिया, पिंकी ने बीएलओ से प्राप्त संपूर्ण जानकारी के आधार पर फॉर्म से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। प्राचार्य सचिन गिहार के मार्गदर्शन में शिविर संपन्न हुआ। संचालन एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बरखा ने किया।

### जिम्मेदार नहीं दे सके जवाब, टीम ने अल्ट्रासाउंड सेंटर को किया सील

**माधोटांडा, अमृत विचार** : बिना डॉक्टर के चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एसडीएम की मौजूदगी में छापा मारा। कोई भी चिकित्सक कार्यरत नहीं मिला। इस पर एसडीएम के निर्देश पर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया है। कस्बे में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की है। शनिवार को कलीनगर एसडीएम प्रमेश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की टीम और पुलिस बल के साथ माधोटांडा कस्बे में संचालित स्वास्तिक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापा मारा। निरीक्षण के दौरान सेंटर पर कोई भी पंजीकृत चिकित्सक मौजूद नहीं मिला। टीम ने दस्तावेजों की गहन जांच की, जिसमें सामने आया कि सेंटर पर एक दिन में करीब दस अल्ट्रासाउंड किए गए थे। मौके पर मौजूद स्टाफ से जब चिकित्सक के बारे में जानकारी मांगी गई तो वे यह स्पष्ट नहीं कर सके कि अल्ट्रासाउंड किसके द्वारा किए जा रहे थे। स्थिति को गंभीर मानते हुए एसडीएम ने अल्ट्रासाउंड सेंटर को तत्काल सील कर नोटिस चस्पा करा दिया। एसडीएम प्रमेश कुमार ने बताया कि यहां तैनात चिकित्सक द्वारा पहले ही सेंटर छोड़ने की लिखित सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी जा चुकी थी। इसके बावजूद सेंटर का संचालन किया जा रहा था, जो नियमों के खिलाफ है।

# टोल प्लाजा पर मारपीट, वीडियो वायरल

संवाददाता, मैगलगंज

> पहले इरफान ने राड चलाई है। इसमें हमारा कोई दोष नहीं है। इरफान नाम का युवक यहां गाड़ियों में ग्रीस करता है। गाड़ी टोल प्लाजा के आसपास खड़ी कराता है, जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं आज भी हमारी कंपनी की एक कर्मचारी घायल हो गई।
> **-रामू सिंह**, मैनेजर टोल प्लाजा।

> पीड़ित पक्ष ने तहरीर दी है। रिपोर्ट दर्ज कर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विवेचना के बाद विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।
> **-इंद्रजीत सिंह चौहान**, थाना प्रभारी, मैगलगंज।

**अमृत विचारः** मैगलगंज टोल प्लाजा एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में है। सड़क हादसे में घायलों की मदद करने पहुंचे मेराज नामक युवक पर टोल कर्मियों ने कथित रूप से लोहे की रॉड से हमला कर बेरहमी से मारपीट की। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इससे लोगों में टोल कर्मियों के खिलाफ काफी रोष है। वहीं टोल कर्मियों की कार्यशैली और कानून व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मेराज हादसे में घायल हुए लोगों को सिर्फ सुरक्षित निकालने में सहायता कर रहा था। तभी कुछ टोल कर्मियों ने उस पर अचानक हमला कर दिया। जब मौजूद लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की तो उन्हें भी धमकाकर चुप करा दिया गया। घटना के बाद टोल प्लाजा परिसर में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कोई पहली घटना नहीं है।

इससे पहले भी मैगलगंज टोल प्लाजा पर वाहन चालकों से बदसलूकी, मारपीट, अवैध वसूली और दबंगई के कई मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन हर बार शिकायतों को दबा दिया गया। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता होने से टोल कर्मियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि टोल प्लाजा अब सेवा स्थल कम, भय और गुंडागर्दी का केंद्र ज्यादा बनता जा रहा है। घायल मेराज को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर दोषी टोल कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# कोटेदार समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, दियोरियाकलां

- खाद्यान्न वितरण की शिकायत पर जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक से की अभद्रता

**अमृत विचार** : ई-पाश मशीन पर अंगूठा लगवाकर राशन न दिए जाने की शिकायत पर जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक से शिकायतकर्ताओं ने अभद्रता की। पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने कोटेदार समेत तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

बता दें कि दियोहना ग्राम पंचायत के मजरा पिपराही निवासी कोटेदार रिषीपाल की शिकायत ग्रामीणों ने बीते दिनों शपथ पत्र के साथ डीएम, एसडीएम से की थी। आरोप था कि ई-पाश मशीन से पर्ची निकाल कर राशन नहीं दिया जाता है। डीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने गांव पहुंचकर शिकायत कर्ता उमेश कुमार, संजीव कुमार से बयान दर्ज कराने को कहा। इस पर दोनों ने अभद्रता करते हुए बयान दर्ज कराने से मना कर दिया और अभद्रता की। जिसकी सूचना पूर्ति निरीक्षक ने एसडीएम को दी। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस की मौजूदगी में शिकायत कर्ताओं के बयान दर्ज किए गए। दुकान में मौजूद राशन का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान मौके पर पाया गया कि 53.836 क्विंटल गेंहू, 56.36 क्विंटल चावल कालाबाजारी की गई है। पूर्ति निरीक्षक राजेन्द्र ने शिकायत कर्ता उमेश कुमार, संजीव कुमार, कोटेदार रिषीपाल के विरुद्ध अब रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसओ गौतम सिंह ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### 1.90 लाख का भुगतान लेकर ट्रक चालक फरार

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना ईसानगर क्षेत्र में माल भेजने के बाद 1.90 लाख रुपये भुगतान लेकर ट्रक चालक लापता हो गया। थाना ईसानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। शुभम आयरन ट्रेडर्स ने 18 जनवरी 2026 को थाना ईसानगर के गांव हसनपुर कटौली निवासी सुरेश कुमार के यहां माल भेजा था। शुभम आयरन ट्रेडर्स के मैनेजर अनुज बरनवाल ने बताया कि सुरेश कुमार पर पूर्व व वर्तमान का कुल 1,90,000 बकाया था। वाहन चालक एवं मालिक अशोक कुमार वर्मा निवासी अमर विहार कॉलोनी गोविंद नगर सलेमपुर कोन कोतवाली सदर ने माल उतारने के बाद भुगतान प्राप्त किया और शाम करीब 3 बजे लखीमपुर के लिए रवाना हो गया, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं पहुंचा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


अमृत विचार — Lifelines OF BAREILLY — MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग
श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777


# वायरल वीडियो बना सबूत, रिपोर्ट

संवाददाता, लखीमपुर खीरी



मृतक की रोती-बिलखती पत्नी प्रियंका गुप्ता व बहनें। ● अमृत विचार



सुमित गुप्ता।

**अमृत विचारः** भीरा कस्बे में युवक की मौत का मामला उस समय सनसनीखेज मोड़ पर पहुंच गया, जब घटना से पहले रिकॉर्ड किया गया वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में मृतक सुमित गुप्ता ने खुद को लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए कई लोगों के नाम सार्वजनिक किए थे। वीडियो सामने आने के बाद मामला केवल एक संदिग्ध मौत तक सीमित न रहकर कथित उत्पीड़न, दबाव और रसूख के दुरुपयोग के गंभीर आरोपों में तब्दील हो गया है।

कस्बा भीरा के मोहल्ला स्वामी विवेकानंद निवासी मृतक सुमित गुप्ता ने वायरल वीडियो में भावुक होकर बताया था कि संजय शुक्ला, अश्वनी अवस्थी (जो एक सरकारी विभाग में बड़े पद पर तैनात बताए जा रहे हैं), आदर्श अवस्थी (आदर्श रेडीमेड के संचालक), टीटू, राधेश्याम, विनोद गुप्ता, ललतू और सभासद सतेंद्र यादव द्वारा उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। वीडियो में सुमित ने कहा था कि विनोद गुप्ता का कुछ सामान उसके पास गिरवी रखा था, जिसे बिना भुगतान के ही लेने का दबाव बनाया जाने लगा। वीडियो में उसने आरोप लगाया कि उसे संजय शुक्ला के आवास पर जबरन रोका गया, जहां उसे डराया-धमकाया गया और मानसिक रूप से तोड़ा गया। उसने यह भी दावा किया कि वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में उससे संबंधित फुटेज मौजूद हैं। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल थाना मैलानी पुलिस ने वीडियो में नामजद सभी लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुमित की मौत से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक सुमित गुप्ता दो भाइयों में सबसे बड़े थे। वह बाइक एजेंसी में काम कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। सुमित अपने पीछे पत्नी प्रियंका गुप्ता, बेटी आयु गुप्ता (8) और बेटा भव्या गुप्ता (6) को छोड़ गए हैं। सुमित के निधन से परिवार पर आर्थिक संकट भी गहरा गया है। सुमित घर का इकलौता कमाने वाला था। उसके जाने से पूरा परिवार टूट गया है। परिजनों का कहना है कि हमें न्याय चाहिए। क्षेत्र में इस घटना को लेकर आक्रोश और शोक का माहौल बना हुआ है, वहीं लोग वायरल वीडियो के आधार पर निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग कर रहे हैं।

**पत्नी बोली पति को जबरन खिलाया जहर :** कल हम अपने पति को फोन कर रहे थे। बराबर कॉल जा रही थी। वह आरोपियों के कैद में थे। उन लोगों ने मेरी कॉल रिसीव नहीं करने दी। मेरे पति के साथ गलत व्यवहार किया गया। जबरन जहर खिलाकर पति की हत्या की गई है। मेरी मांग है कि सभी दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो और मुझे इंसाफ मिले।

> मृतक सुमित गुप्ता ने वायरल वीडियों में कुछ लोगों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उनकी पत्नी की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साथ ही पूरे मामले की गहनता से जांच के साथ ही विधिक कार्रवाई की जा रही है।
> **-अमित राय**, एएसपी पश्चिम।

### सुमित का शव घर पहुंचा तो गश खाकर गिरी पत्नी

**भानपुर/ भीरा, अमृत विचार :** जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने वाले भीरा कस्बे के स्वामी विवेकानंद मोहल्ला निवासी सुमित गुप्ता (35) का शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिवार में चीख पुकार मच गई। पत्नी शव देखकर बेसुध हो गई। परिवार वालों और बच्चों का रो-रोकर हाल बेहाल था। वहां मौजूद बड़ी संख्या में लोगों की आंखों में सुमित की मौत पर गम और गुस्सा भी साफ झलक रहा था। कानून व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस बल को तैनात किया गया था। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शाम करीब चार बजे जब सुमित गुप्ता का शव लखीमपुर से उनके घर पहुंचा, तो परिजनों में कोहराम मच गया। शव देखते ही पत्नी प्रियंका गुप्ता बेसुध हो गईं। मोहल्ले की महिलाओं ने उन्हें ढांढस बंधाया। अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंचे। हर आंख नम थी और पूरा मोहल्ला गमगीन माहौल में डूबा नजर आया। लोगों की आंखों में गम और घटना को लेकर भारी गुस्सा भी देखा गया। परिजनों ने गहरे दुख के साथ सुमित का अंतिम संस्कार निकट स्थित शारदा नदी तट पर किया। परिवार वालों ने गमगीन माहौल में मृतक के अंतिम संस्कार के दौरान भीरा थाना प्रभारी रोहित दुबे पुलिस बल के साथ मौजूद रहे, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र रजत शर्मा पुत्रवधू राजकुमारी कश्यप को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **सीमा देवी पत्नी शिवनन्दन शर्मा निवासी ग्राम फूलपुर डुन्डाशुमाली थाना तह. बहेड़ी, जिला बरेली**

**परिचय सम्मेलन**
**श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी (रजि.) बरेली द्वारा आयोजित अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 17-18 मार्च 2026 शीघ्र पंजीयन करायें। सम्पर्क :- 9897181723, 9412466473, 9927047430, 9412048528, 9927833351, 9927324855**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की श्रीमती अमिता गुप्ता पुत्री स्व.ब्रजेश कुमार गुप्ता 4.12.2016 से लापता है, को अंतिम सूचना दी जा रही है की अन्दर मियाद के अनुसार स्वयं या किसी मार्फत अपनी उपस्थिति की जानकारी दें, अन्दर मियाद के बाद कोई भी हक, अधिकार, स्वामित्व, आदि सूचना दाता की सम्पति पर स्वत: समाप्त माना जायेगा और सूचनादाता एकल समस्त सम्पति का अधिकारी होगा। **विश्व मोहन गुप्ता, 739 शिवनगर, मढ़ीनाथ जिला बरेली।**

**सूचना**
मेरे हाईस्कूल की सनद में त्रुटिवश मेरा नाम शकीब उद्दीन पुत्र खलीक उद्दीन (SHAQEEV UDDIN S/O KHALIK UDDIN) जो कि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड में नाम शकीब उद्दीन पुत्र खलीक उद्दीन (SHAQEEB UDDIN S/O KHALEEK UDDEEN) दर्ज है जो सही है, कृपया सही नाम दर्ज किया जावे। शकीब उद्दीन पुत्र खलीक उद्दीन निवासी जामा मस्जिद 123 मोहल्ला मिर्धान कस्बा व तहसील फरीदपुर जिला बरेली।

**बिकाऊ है**
225 गज मकान
कॉर्नर का पूर्वमुखी
आशीष रॉयलपार्क फेस-2, इच्छुक व्यक्ति ही संपर्क करें- बरेली
मो. 9897211014

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में पांच लोग घायल

फूलबेहड़, अमृत विचार : लखीमपुर शहर की शिव कॉलोनी निवासी कार चालक अंकित कुमार उर्फ गोलू अपने साथ सौरभ सिंह, सुषमा सिंह, मीनाक्षी सिंह और आर्या सिंह को लेकर शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे मीलपूर्वा की ओर से अपने घर लखीमपुर लौट रहे थे। घने कोहरे के कारण सैदापुर चौराहा के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार सभी पांचों लोग घायल हो गए। सुषमा सिंह के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए। वहीं एक बच्ची का भी पैर टूट गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### दो बार दिखा तेंदुआ घबराकर भागे ग्रामीण

पलिया कलां, अमृत विचार : ग्राम बुद्धा पुरवा के निकट ग्रामीणों को दिन में दो बार तेंदुआ दिखाई दिया। गांव के राम मिलन आदि ने बताया कि सुबह 6:00 बजे जब उनका बेटा व जमुना प्रसाद आदि शौच के लिए बाहर खेतों में जा रहे थे, तो गांव से बाहर करीब 200 मी. दूर गेहूं से निकलकर चक रोड पर तेंदुआ देख घबरा गए और वापस लौट आए। इसके बाद दोपहर 1:00 बजे गांव के बाहर बकरियां चरा रहीं कुछ महिलाओं ने भी तेंदुआ देखा। इससे ग्रामीणों में दहशत है।

### बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

पलिया कलां, अमृत विचार : होलिकोत्सव व भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर होने वाले नि:शुल्क यज्ञोपवीत संस्कार एवं माता रेणुका रसोई के भंडारे को लेकर श्रीकुल आश्रम पर एक बैठक हुई। जिसमें होलिकोत्सव के उपलक्ष्य में 05 मार्च को 12:00 बजेबच्चों की श्लोक वाचन एवं शंख वादन प्रतियोगिताएं कराने, 2:00 बजे भजन एवं गायन प्रतियोगिताएं, शाम 4:00 बजे संवत वाचनभगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 18 अप्रैल को रामचरितमानस अखंड पाठ, 19 अप्रैल को मानस पाठ आदि कार्यक्रमों की रूपरेखा तय हुई। बैठक में गगन मिश्रा, कृष्ण कुमार गोपी, संजीव वर्मा, धनेन्द्र शुक्ला,आचार्य सोमेश माधव, विश्वकांत त्रिपाठी आदि रहे।

### मानसिक मंदित किशोरी लापता

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव भरिगवां निवासी किशोर ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनकी पुत्री हिना (16) शुक्रवार की दोपहर अपनी बहनों के साथ गोला खरीदारी करने आई थी,जो कहीं लापता हो गई है। हिना का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है।

# सड़क पर बारात में आतिशबाजी पड़ेगी भारी

## 10 बजे के बाद डीजे बंद, सड़क पर नहीं होगी आतिशबाजी, नियम तोड़ने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



सदर कोतवाली में बैठक को संबोधित करते एसडीएम सदर डॉ. अश्वनी कुमार सिंह।

अमृत विचारः शहर में बारातियों द्वारा सड़क पर आतिशबाजी कर जाम लगाने की बढ़ती घटनाओं को लेकर पुलिस-प्रशासन सख्त हो गया है। सहालग के मौसम में बिगड़ती यातायात व्यवस्था और बढ़ते हादसों के खतरे को देखते हुए शनिवार को सदर कोतवाली परिसर में बारात घर संचालकों, डीजे संचालकों एवं आतिशबाजों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सदर डॉ. अश्वनी कुमार सिंह ने की, जबकि सीओ सिटी (प्रशिक्षु आईपीएस) विवेक तिवारी भी मौजूद रहे।

इन दिनों सहालग चल रही हैं। बाराती सड़कों पर देर रात तक डीजे पर डांस करते हैं। आतिशबाजी भी सड़कों पर की जाती है। इससे सड़क पर जाम लग जाता है। घंटों जाम लगने से लोग परेशान होते हैं। साथ ही सड़कों पर फोड़े जा रहे पटाखों से हादसे का भी खतरा बना रहता है। हाल के दिनों में शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और रिहायशी इलाकों में बारातों के कारण घंटों जाम की स्थिति बन रही है। बाराती सड़क के बीच डीजे पर नाचते हैं और वहीं पटाखे फोड़े जाते हैं, जिससे आम नागरिकों, मरीजों, स्कूली बच्चों और कामकाजी लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई मौकों पर एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपात सेवाएं भी जाम में फंस जाती हैं। एसडीएम सदर डॉ. अश्वनी कुमार सिंह ने संचालकों को साफ शब्दों में निर्देश दिए कि रात 10 बजे के बाद किसी भी हालत में डीजे नहीं बजेगा। इसके साथ ही सार्वजनिक मार्गों, सड़कों और चौराहों पर आतिशबाजी पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने कहा कि शादी-विवाह खुशी का अवसर है, लेकिन यह खुशी कानून व्यवस्था और जनसुविधा की कीमत पर स्वीकार्य नहीं होगी।

- आतिशबाजी कर जाम लगाने को लेकर पुलिस-प्रशासन सख्त

बैठक में पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी कड़ा रुख अपनाया गया। अधिकारियों ने कहा कि अक्सर बारातियों के वाहन सड़क किनारे या बीच में खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो जाता है। प्रशासन ने दो टूक शब्दों में कहा कि पार्किंग की संपूर्ण जिम्मेदारी मैरिज हॉल संचालकों की होगी और यदि सड़क पर वाहन खड़े मिले तो सीधे मैरिज हॉल संचालक को जिम्मेदार मानते हुए कार्रवाई की जाएगी।

सीओ सिटी विवेक तिवारी ने बताया कि शासन एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सभी के लिए अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने पर डीजे संचालक, आतिशबाज और मैरिज हॉल मालिक इन तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा लगातार गश्त और निगरानी की जाएगी और शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई होगी। बैठक के अंत में प्रशासन ने सभी संचालकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नियमों का पालन कर ही शहर में सुचारु यातायात, शांति व्यवस्था और जनसुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

### रात 10 बजे बाद पटाखे और डीजे बजाने पर केस

लखीमपुर खीरी। शहर में रात 10 बजे के बाद पटाखे फोड़ना और डीजे बजाना दो लोगों को महंगा पड़ गया। कोतवाली सदर पुलिस ने हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार की तहरीर पर दो लोगों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इससे शहर के मैरिज और डीजे संचालकों में हड़कंप देखा गया। हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार के अनुसार, वह शुक्रवार की रात डीसी रोड राजमहल पैलेस के पास गश्त पर थे। इसी दौरान देखा गया कि कुछ लोग घनी आबादी वाले रिहायशी क्षेत्र में रात 10 बजे के बाद पटाखे फोड़ रहे थे और डीजे का प्रयोग कर रहे थे। मौके पर पूछताछ करने पर एक व्यक्ति ने अपना नाम अफसर अली पुत्र अख्तर अली, निवासी समरदा हरिहरदासपुर थाना खमरिया और जबकि दूसरे ने अपना नाम अविनाश अरोड़ा पुत्र चंद्रप्रकाश निवासी टोजा कोठी, डीसी रोड, कोतवाली सदर बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### राजमहल मैरिज लॉन कांड में मुकदमा दर्ज

इसी बीच प्रशासन की सख्ती का असर भी दिखने लगा है। राजमहल मैरिज लॉन में सड़क पर आतिशबाजी और अव्यवस्था के मामले में मैरिज लॉन संचालक और आतिशबाजी करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि आतिशबाजी सड़क पर हुई, लेकिन जिम्मेदारी तय करते हुए मुकदमा मैरिज लॉन संचालक पर भी दर्ज किया गया, जिससे साफ संदेश गया है कि अब कोई भी जिम्मेदारी से बच नहीं पाएगा।

# नोटिसों को लेकर आम जनता हो रही परेशान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचारः मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जारी नोटिसों से आम जनता भारी परेशानी में है। हालात यह हैं कि मतदाताओं को 35 से 40 किलोमीटर दूर बनाए गए सेंटरों पर बुलाया जा रहा है, जबकि प्रत्येक मतदान केंद्र पर निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ की तैनाती पहले से की गई है।

ग्रामीण इलाकों के बुजुर्ग, महिलाएं, दिव्यांग और रोजी मजदूरी करने वाले लोग मजबूरी में इन सेंटरों तक पहुंच भी रहे हैं, लेकिन वहां अत्यधिक भीड़ के कारण उन्हें बिना काम हुए वापस लौटना पड़ रहा है। कई मतदाताओं का कहना है कि वह दो, तीन बार चक्कर लगाने के बावजूद अपना सत्यापन या अन्य कार्य नहीं करा पा रहे हैं, जिससे समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है।

गोला तहसील के पलिया विधानसभा क्षेत्र में आने वाले गांव रोशननगर, कैमा, बंजारगंज, लक्ष्मीपुर, नरसिंहपुर, बुधेली नानकर, वनबुधेली, वृंदावन, अंबरपुर, दूलीपुर, भगतपुर, रामपुर समेत तमाम ऐसे गांव हैं जिन्हें मैलानी नगर पंचायत कार्यालय बुलाया जा रहा है, जो यहां से 35 से 40 किलोमीटर दूर पड़ता है। यातायात के कोई विशेष साधन भी नहीं है।

- एसआईआर के नाम पर 40 किमी दूर दौड़ रहे लोग

> मतदाताओं को दूर तक दौड़ाया जा रहा है, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। अब तक किसी ने इस बाबत उनसे पूछा तक नहीं है।
>
> –प्रतीक्षा त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी गोला।

ग्रामीणों का कहना है कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार बीएलओ का मुख्य दायित्व घर घर जाकर सत्यापन करना, मतदाता से आवश्यक जानकारी/दस्तावेज़ लेना और उसे संबंधित कार्यालय तक पहुंचाना है।

आयोग के किसी भी नियम में यह बाध्यता नहीं है कि एसआईआर प्रक्रिया के लिए मतदाता को अनिवार्य रूप से दूरस्थ केंद्रों पर स्वयं उपस्थित होना ही पड़े। आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि मतदाता सूची से जुड़ा हर कार्य मतदाता हितैषी, सुलभ और समावेशी होना चाहिए।

# सीडीओ ने ब्लॉक मितौली के ग्राम पंचायत अधिकारी को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



ब्लॉक मितौली पर जांच करते सीडीओ अभिषेक कुमार। • अमृत विचार

अमृत विचारः सीडीओ अभिषेक कुमार के निर्देश पर ब्लॉक मितौली में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण ध्वज मिश्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन पर ड्यूटी के दौरान नशे की हालत में पाए जाने और विभागीय कार्यों में गंभीर लापरवाही के आरोप हैं।

प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी न तो समय से कार्यालय पहुंचते थे और न ही ग्राम पंचायत से जुड़े विकास कार्यों को गंभीरता से लेते थे। ग्रामीणों की समस्याओं की अनदेखी और फाइलों के लंबित रहने की शिकायतों के बाद मामले की जांच कराई गई, जिसमें आरोप सही पाए गए। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि अधिकारी ड्यूटी के समय नशे की हालत में थे, जो सरकारी सेवा नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसे गंभीर कदाचार मानते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने बिना किसी ढिलाई के निलंबन की कार्रवाई के आदेश दिए। सीडीओ ने साफ कहा कि जनता के कार्यों में लापरवाही और अनुशासनहीनता पर जिले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन नहीं करेगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई तय है।

- ड्यूटी के दौरान नशे में व विभागीय कार्यों में लापरवाही के आरोप

# आरटीई के तहत बच्चों को कराया जाए लाभान्वित

संवाददाता, लखीमपुर खीरी



समीक्षा बैठक करतीं नोडल अधिकारी गन्ना एवं चीनी आयुक्त मिनिस्ती एस। • अमृत विचार

अमृत विचार : जिले की नोडल अधिकारी और गन्ना एवं चीनी आयुक्त मिनिस्ती एस. ने शनिवार को विकास कार्यों व जिले की बैठकों के कार्यवृत्त की गहन समीक्षा की। नोडल अधिकारी ने आरटीई के तहत अधिकतम पात्र बच्चों को योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। साथ ही विकास कार्यों को समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

नोडल अधिकारी के आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। पश्चात हुई समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी ने बीएसए को निर्देश दिया कि आरटीई के तहत अधिकतम पात्र बच्चों को योजना का लाभ दिलाने को कहा। इसके अलावा प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत विद्यालयों के अनुरक्षण कार्यों की प्रगति जानी गई और निर्देश दिए गए कि किसी भी व्यवधान को दूर कर समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराया जाए। नोडल के पूछने पर सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने 10 फरवरी को नेशनल डी-वार्मिंग डे कैंपेन चलेगा। बांकेगंज में आईडीए कैंपेन के तहत दवाओं को खिलाया जाएगा। एमआर कैंपेन के तहत मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से शुरू होगा। नोडल में जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड सहित स्वास्थ्य महकमे की योजनाओं, कार्यक्रमों की प्रगति की ली।

- विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी ने दिए निर्देश

नोडल ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी से श्रमिकों के पंजीकरण, योजनावार लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या जानी। सीडीओ ने बताया कि गत वर्ष अटल आवासीय विद्यालय में जनपद की बालिका ने लखनऊ मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। वही इस वर्ष प्रवेश में आवेदन करने में जनपद पूरे मंडल में शीर्ष स्थान पर है। इस पर नोडल ने खुशी जताई। नोडल ने सीवीओ डॉ. दिनेश सचान से गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। साथ ही पीएम हाउस की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का निर्देश भी जारी किया। उन्होंने विभागवार अधिकारियों से हो रहे नवाचारों की जानकारी ली और इसे अनवरत जारी रखने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता (बाढ़खंड) ने बाढ़ एवं कटानरोधी परियोजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

### नोडल ने की चौगुर्जी गांव विकास की सराहना

बैठक में डीएम की पहल पर भारत–नेपाल सीमा पर मोहाना और कर्णाली नदी के पार बसे चौगुर्जी गांव के विकास कार्यों पर नोडल अफसर ने सराहना की। साथ ही परिषदीय विद्यालयों की मेधावी छात्राओं और कस्तूरबा बालिका विद्यालय की बालिकाओं को 9000 विद्यादायिनी पोटली वितरण की भी प्रशंसा की। नोडल ने कहा कि लखीमपुर खीरी में किए जा रहे विकास कार्य और नवाचार प्रशंसनीय हैं।

### मेडिकल कॉलेज और स्पोर्ट्स स्टेडियम के निर्माण कार्यों को देखा

नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस. ने मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत चिकित्सालय के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस परियोजना को लोक निर्माण विभाग लखनऊ द्वारा कराया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यूपी सिडको द्वारा कराए जा रहे स्पोर्ट्स स्टेडियम के जीर्णोद्धार और नवीनीकरण कार्यों का निरीक्षण किया और निर्देश दिए।

# जल निकासी व्यवस्था प्रशासन के लिए चुनौती



गोला में नाले का निरीक्षण करते अधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचारः छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर के निर्माण कार्यों का शुक्रवार को अधिकारियों ने निरीक्षण किया था। जल निकास का प्रबंध कार्यदाई संस्था और प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है। नगर पालिका, सिंचाई विभाग, तहसील के अधिकारियों और कॉरिडोर निर्माण में लगे कार्यदायी संस्था के संस्थाओं के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने शनिवार को पौराणिक शिव मंदिर से लेकर नगर में निकले नालों का निरीक्षण किया। इस दौरान जल निकास के लिए बनाए गए नाले कहीं पर सकरे, कहीं किसी के कब्जे में तो कहीं रुंधे मिले।

एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी के नेतृत्व में पर्यटन विभाग के उपनिदेशक डॉ कल्याण सिंह, लोक निर्माण विभाग के तरुणेन्द्र त्रिपाठी, नगर पालिका परिषद ईओ संजय कुमार, कॉरिडोर निर्माण कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के जीएम राकेश वर्मा की संयुक्त टीम ने शिव मंदिर कॉरिडोर परिसर से भूतनाथ मार्ग तक निकले नालों का सर्वे किया। टीम को कॉरिडोर परिसर से निकले मुख्य नाले की चौड़ाई करीब 4.50 मीटर मिली, लेकिन यही नाला अलीगंज रोड पर रुंधा मिला, जिसके ऊपर पक्की दुकानें बनी हुई हैं। सतौती तालाब के दूसरी ओर नाले पर अतिक्रमण, भद्र कुंड में यह मुख्य नाला सकरा मिला, जहां इसकी चौड़ाई मुश्किल से दो फिट मिली। भद्रकुंड के निकट बन रहे पक्के नाले का निर्माण कार्य छ महीना से बंद पड़ा है। जिससे स्थानीय लोगों, राहगीरों, स्कूली बच्चों का निकास न होने से उन्हें घूम कर लंबा रास्ता तय कर जाने को विवश होना पड़ रहा है। भूतनाथ मार्ग पर रेलवे लाइन के किनारे नाला रुंधा मिला।

- सर्वे के दौरान अधिकारियों को नाले दिखे संकरे

बरसात के समय शिव मंदिर परिक्षेत्र में जल भराव की समस्या दसकों वर्ष पुरानी है। ऐसे में जल निकास का प्रबंध शासन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने बताया कि सर्वे किया गया है। शीघ्र ही कार्य शुरू कराया जाएगा। राजस्व निरीक्षक अरुणेश मिश्र, कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के एपीएम ऋत्विक मिश्रा, जेई अजय प्रताप सिंह, विवेक बाजपेई, नितिन सिंह, नगर पालिका जेई अनिल यादव, एसआई संदीप वर्मा, लेखपाल अनिल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य कार्यक्रमों की रूपरेखा व उद्देश्यों की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी





फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता

अमृत विचारः शनिवार को सीएमओ कार्यालय सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने जिले में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की रूपरेखा, उद्देश्य और उनके लाभों की जानकारी दी।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जिले के चिन्हित ब्लॉक बांकेगंज में 10 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक घर-घर जाकर लोगों को दवा का सेवन कराया जाएगा। इस दौरान आइवरमेक्टिन, डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवाएं खिलाई जाएंगी, जिससे फाइलेरिया जैसे गंभीर और दीर्घकालिक रोग से बचाव किया जा सके। फाइलेरिया एक लाइलाज नहीं बल्कि नियंत्रित होने वाला रोग है और नियमित दवा सेवन से इसे रोका जा सकता है।

- फाइलेरिया उन्मूलन सहित स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर सीएमओ ने की प्रेस वार्ता

सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक फाइलेरिया का पूर्ण उन्मूलन करना है। प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान की जानकारी देते हुए सीएमओ ने बताया कि 10 फरवरी 2026 को जनपद के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और किशोरों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। जो बच्चे इस दिन दवा नहीं ले पाएंगे, उनके लिए 13 फरवरी को मॉप-अप दिवस आयोजित किया जाएगा। 16 फरवरी से 27 फरवरी 2025 तक गैर टीकाकरण दिवसों में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को एमआर वैक्सीन लगाई जाएगी।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर बताया कि यह अभियान प्रतिवर्ष 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाया जाता है। कुष्ठ एक दीर्घकालिक संक्रामक रोग है, जो माइक्रोबैक्टीरियम लैप्री नामक जीवाणु से होता है। यह रोग संक्रमित व्यक्ति के छींकने या खांसने से निकलने वाले ड्रॉपलेट के माध्यम से फैलता है। वर्तमान में उपलब्ध दवाओं से कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है, बशर्ते समय पर पहचान और उपचार हो। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा, डब्ल्यूएचओ के डॉ. विकास सिंह, मलेरिया अधिकारी हरिशंकर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# कोर्ट के स्टे के बावजूद जमीन पर कब्जे की कोशिश

संवाददाता, मझगईं

अमृत विचारः थाना क्षेत्र मझगईं के गांव पिरथीपुरवा मजरा गंगाबेहड़ निवासी बुजुर्ग किसान कौशल किशोर ने अपनी कृषि भूमि पर अवैध कब्जे, धमकी और मारपीट के प्रयास का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। आरोप है कि स्टे के बाद भी आरोपी जमीन पर कब्जे की कोशिश कर रहे हैं।

पीड़ित किसान ने बताया कि वह काफी बुजुर्ग एवं बीमार हैं। उनका खेत का विवाद शत्रोहन लाल से न्यायालय में विचाराधीन है। 5 जुलाई 2024 को न्यायालय का आदेश उनके पक्ष में आया था और वर्तमान में उनकी भूमि पर कोर्ट से स्टे आदेश लागू है। आरोप है कि इसके बावजूद शत्रोहन लाल, उनके पुत्र सुनील व रंजीत ने दबंगई के बल पर खेत में घुसकर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। इस दौरान खेत में लगे एक पेड़ को काटकर गिरा दिया। जब उन्होंने आपत्ति जताई तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो गए, साथ ही जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि मौके पर पुलिस भेजकर कार्य रुकवा दिया है। विपक्षी को कड़ी चेतावनी दी है कि जब तक न्यायालय से अंतिम निर्णय नहीं आता, तब तक जमीन की स्थिति यथावत रखी जाए।

- पेड़ काटा, बुजुर्ग किसान से गाली-गलौज कर दी धमकी

### फाइनेंस कंपनी के एजेंट पर गबन का आरोप

लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः आंबेडकर नगर के गांव लखमीपुर निवासी सूर्यभान वर्मा ने बताया कि वह फाइनेंस कंपनी में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने लोन रिकवरी के लिए सीतापुर के थाना महोली के मोहल्ला शुक्लन टोला निवासी रामकृष्ण शुक्ला को फील्ड में लगाया था। कंपनी ने रामकृष्ण को प्रोजेक्शन सीट, एव्यूट मशीन, डायरी, दो रोल और बैग देकर भेजा था। 5 फरवरी 2026 को रामकृष्ण ने 28,250 नकद रिकवरी किए गए, जिन्हें शाम 5 बजे जमा करना था, लेकिन उसने रकम जमा नहीं की। रामकृष्ण ने बैग सहित रुपये गिर ने की बात कही। उनका दावा है कि आरोपी बहाना बना रहा है। सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

# महंगाई के चलते आभूषणों का वजन और संख्या घटी

गोला गोकर्णनाथ/मूड़ा सवारान



गोला में एक दुकान पर खरीदारी करते लोग। • अमृत विचार

अमृत विचारः सोने और चांदी की आसमान छूती कीमतों ने विवाह बारातों वाले घरों का बजट पूरी तरह से बिगाड़ दिया है। बढ़ती महंगाई का सीधा असर सर्राफा कारोबार पर दिखाई दे रहा है। हालत यह हैं कि जहां पहले विवाह में भारी और कई तरह के गहने बनवाए जाते थे, अब उनकी संख्या और वजन दोनों में कटौती की जा रही है। दुल्हनों के गहने पहले की तुलना में अब काफी हल्के हो गए हैं।

नगर के सर्राफा कारोबारी बलवंत सोनी, संदीप सोनी, दीपक रस्तोगी, आदर्श सोनी व ग्रामीण क्षेत्र के सर्राफा व्यवसाई जगदीश प्रसाद सोनी, प्रमोद सोनी, सुशील सोनी, विनोद रस्तोगी आदि ने बताया कि सोने चांदी की रिकॉर्ड कीमतों से विवाह वाले घरों के लोग बेहद परेशान हैं। पहले दुल्हन के लिए चूड़ियां, बाजूबंद, करधनी, हाथ फूल, हार, झुमकी, अंगूठियां चेन सहित कई आइटम बनवाए जाते थे। अब स्थिति यह है कि लोग अंगूठी झुमकी चेन तक ही सीमित रह गए हैं। इतना ही नहीं इन गहनों के वजन में भी लोग कटौती कर रहे हैं ताकि बजट को किसी तरह से संभाला जा सके। सर्राफा कारोबारियों के अनुसार महंगाई का सबसे अधिक असर मध्यम आय वर्ग के परिवारों पर पड़ा है। बढ़ती कीमतों के साथ ग्राहकों को गहनों की खरीद सीमित करनी पड़ी है। लोगों का कहना है कि उम्मीद से कहीं अधिक महंगाई बढ़ गई है जिससे विवाह की तैयारियां कठिन हो गई हैं।

- कम कैरेट के गहने बनवाने में अधिक रुचि ले रहे ग्राहक

### चांदी के सिक्कों की बिक्री प्रभावित

विवाह में बिछुआ पायल चांदी के बर्तन और उपहार देने के लिए चांदी के सिक्कों की अच्छी मांग रहती थी। परंतु अब महंगाई के चलते इनकी बिक्री प्रभावित हुई है। सर्राफा कारोबारियों के मुताबिक चांदी से बने सामान की खरीद में 60 से 70 फीसदी तक की गिरावट आई है। अब लोग हल्के वजन की पायल और सीमित मात्रा में ही चांदी के सिक्के खरीद रहे हैं।

### 16 से 18 कैरेट गहनों की बढ़ी मांग

सोने के दाम बढ़ने का असर उसकी शुद्धता के चुनाव पर भी पड़ा है। जहां पिछले वर्ष तक 20 से 22 कैरेट सोने के गहनों का चलन अधिक था वहीं अब ग्राहक 16 से 18 कैरेट के गहनों को प्राथमिकता दे रहे हैं। कारोबारियों का कहना है कि लगभग 80 फीसदी ग्राहक कम कैरेट के गहने बनवा रहे हैं जबकि केवल 20 फीसदी लोग ही 22 कैरेट के गहने बनवा रहे हैं।




# खाद गोदाम पर किसानों की उमड़ी भीड़

## गोदाम खुलते ही खाद लेने को अफरा-तफरी और धक्का-मुक्की का माहौल बन गया

संवाददाता, मझगईं

- गोदाम पर 750 बोरी एनपीके और 650 बोरी यूरिया थी उपलब्ध
- पुलिस ने संभाला मोर्चा, शाम को खाली हाथ लौटे सैकड़ों किसान

**अमृत विचारः** खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों की परेशानी शनिवार को क्षेत्र में साफ दिखाई दी। यूरिया और एनपीके खाद वितरण की सूचना मिलते ही खाद गोदाम पर किसानों का सैलाब उमड़ पड़ा। हालात यह रहे कि सुबह करीब 5 बजे से ही हजारों किसान गोदाम के बाहर लंबी कतारों में खड़े नजर आए। गोदाम खुलते ही खाद लेने की होड़ मच गई, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी और धक्का-मुक्की का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ रहे हालातों को काबू में किया। शाम तक तमाम किसानों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा।

पलिया गन्ना समिति के उप गोदाम सकटू पुरवा में इससे पहले भी 2 दिसंबर को यूरिया का वितरण किया गया था, लेकिन उस समय भी कई किसान खाद से वंचित रह गए थे। इस बार भी स्थिति कुछ अलग नहीं रही। शनिवार को गोदाम पर महज 750 बोरी एनपीके और 650 बोरी यूरिया ही उपलब्ध थी, जो क्षेत्र के किसानों की आवश्यकता के सामने ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई। सुबह से लाइन में लगे सैकड़ों किसान शाम तक इंतजार करने के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हुए।


गन्ना समिति पर लगी किसानों की भीड़। ● अमृत विचार

गन्ने की बुवाई का समय चल रहा है, ऐसे में किसानों को डीएपी, यूरिया और अन्य उर्वरकों की सख्त जरूरत है। समय पर खाद न मिलने से जहां गन्ने की बुवाई प्रभावित हो रही है, वहीं गेहूं की फसल पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि कई दिनों से खाद न मिलने के कारण वे बार-बार गोदाम के चक्कर काट रहे हैं, जिससे न केवल समय और पैसा बर्बाद हो रहा है, बल्कि फसल भी पिछड़ रही है। खाद वितरण के दौरान मजदूरी को लेकर भी किसानों में आक्रोश देखने को मिला। आरोप है कि खाद लदाई के समय मजदूरों द्वारा प्रति बोरी अचानक चार रुपये वसूले जाने लगे, जिस पर किसानों और मजदूरों के बीच तनाव और झड़प की स्थिति बन गई। स्थिति बिगड़ते देख गोदाम परिसर में पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

पुलिस की निगरानी में वितरण किया गया। बताया गया कि गोदाम खुलने से पहले ही किसानों ने लाइन में लगकर चेकबुक जमा कर दी थी, लेकिन वितरण शुरू होते ही भीड़ अधिक होने के कारण व्यवस्था चरमरा गई।

कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह हालात संभाले और सीमित मात्रा में खाद का वितरण कराया। गन्ना पर्यवेक्षक संदीप वर्मा ने बताया कि किसानों की समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है और शीघ्र ही अतिरिक्त खाद मंगवाकर वितरण कराया जाएगा, ताकि शेष किसानों को भी राहत मिल सके। खाद की कमी और अव्यवस्था से परेशान किसानों ने मांग की है कि खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और वितरण की व्यवस्था पहले से तय की जाए, ताकि उन्हें इस तरह घंटों लाइन में लगकर निराश होकर न लौटना पड़े।

# समस्याओं का निदान न हुआ तो लेंगे जल समाधि


गोला की बैठक में मौजूद दिव्यांग। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** भारतीय दिव्यांग यूनियन की मासिक बैठक में निर्णय लिया गया कि अधिकारियों द्वारा पूर्व दिये गये आश्वासन पर समस्याओं को निदान न हुआ तो एसडीएम को पुनः ज्ञापन देकर जल समाधि ली जाएगी।

कुंभी ब्लॉक परिसर में तहसील अध्यक्ष विकास कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि गोला तहसील के सभी दिव्यांगों को पता है कि 29 जून से 5 जुलाई तक अशोक चौराहे पर इंदिरा पार्क में धरना-प्रदर्शन चला था। तब गोला के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के आश्वासन पर धरना समाप्त किया था। लेकिन दिव्यांगों की किसी समस्या का निवारण अब तक नहीं कराया। बैठक में निर्णय लिया गया कि पुनः एसडीएम को वादा खिलाफी का ज्ञापन यूनियन द्वारा दिया जाएगा, जिसमें एक हफ्ते का समय दिया जाएगा, फिर सीधे दिव्यांग जल समाधि लेंगे। बैठक में अमित कुमार, विजयपाल गौतम, तिलकराम वर्मा, संजेश कुमार राठौर, पिंटू, बबलू, नारायण आदि दिव्यांग मौजूद रहे।

# रेलवे महाप्रबंधक को व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन


पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर महाप्रबंधक को ज्ञापन देते व्यापार मंडल पदाधिकारी।

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** दुधवा नेशनल पार्क भ्रमण पर सपरिवार आए पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के महाप्रबंधक उदय बोरवंकर से व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। क्षेत्रीय रेल समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा।

पदाधिकारियों ने उन्हें क्षेत्र की रेलवे से संबंधित विभिन्न समस्याओं ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, ट्रेनों की टाइमिंग ठीक करने, रेल कैंटीनों का किराया कम करने एवं हर वर्षा काल में पलिया-भीरा के मध्य रेल लाइन के नीचे से होने वाले पानी के रिसाव को बंद कराने की व्यवस्था करने आदि के समाधान को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मुख्य अभियंता, मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), गोरखपुर-मैलानी सेक्शन, हेड क्वार्टर एससीआई एएम. चतुर्वेदी सहति कई अधिकारी मौजूद रहे। ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल प्रतिनिधिमंडल में संजय माहेश्वरी, अखिलेश गुप्ता, आनन्द शाह व विकास वर्मा आदि शामिल रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व पर शाम को निकलेगी शिव बारात

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** कोतवाली में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर शिव मंदिर प्रबंध कमेटी, अधिकारियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं संभ्रांत जनों की बैठक हुई, जिसमें निर्माणाधीन कॉरिडोर में मार्ग, साफ सफाई, तीर्थ का कार्य, कुंड में जल भरने पर जोर दिया गया।

कोतवाली में शनिवार को शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरि की अध्यक्षता में उन्होंने महाशिवरात्रि पर होने वाले प्रमुख पूजन, आयोजन की रुपरेखा बताई। कहा कि महाशिवरात्रि पर सुबह चार बजे पौराणिक शिव मंदिर के कपाट खुलेंगे। दोपहर बाद दो बजे भोग, प्रसाद वितरण, शाम 5 बजे भोलेनाथ की बारात निकलेगी, जिसका भ्रमण मार्ग शिव मंदिर से मिल रोड, सदर चौराहा, खुटार रोड, विकास चौराहा, पुराने बाईपास, मोहम्मदी रोड, सदर चौराहा, अलीगंज रोड, अंबेडकर तिराहा, मिल डायवर्जन मार्ग होते हुए पुनः शिव मंदिर पर रात 10 बजे बारात का विश्राम होगा। रात्रि के चारों प्रहर भगवान शिव की श्रृंगार पूजा, भगवान शिव माता विवाह कार्यक्रम होगा। 16 फरवरी की सुबह ठंडाई के प्रसाद वितरण के साथ महाशिवरात्रि त्यौहार का पारण होगा। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कॉरिडोर निर्माण कार्यदाई संस्था के जेई नितिन सिंह से कहा कि महाशिवरात्रि से पूर्व साफ सफाई, मार्ग, तीर्थ का निर्माण एवं जल भराव सुनिश्चित कर लिया जाए। जेई विवेक बाजपेई ने बताया कि कॉरिडोर के दोनों द्वारों पर रैंप रहेगी। रास्ते, तीर्थ का कार्य एक से दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। सीओ रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि 14 फरवरी की रात से 16 फरवरी के दोपहर तक गन्ना वाहनों और रोडवेज बसों का शहर में प्रवेश पर रोक रहेगी। तहसीलदार भीम चंद, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, श्रीकांत तिवारी, नरसिंह भारती, अवनि कुमार पांडे, अरुण अवस्थी, सभासद आनंद सोनी, रविंद्र कटियार आदि मौजूद रहे।


कोतवाली में महाशिवरात्रि को लेकर वार्ता करते अधिकारी और शिव मंदिर प्रबंध के लोग।

- 14 फरवरी रात से 16 की दोपहर तक रोडवेज बसों व गन्ना वाहनों के प्रवेश पर लगी रोक

## रुद्राक्ष से बनी शिवलिंग का होगा पूजन



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मां कात्यायनी सेवा समिति के अध्यक्ष पंडित रामदेव शास्त्री के आवास पर एक प्रेस वार्ता आयोजित हुई, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू भी रहे। पंडित रामदेव शास्त्री ने बताया कि इस बार शिवरात्रि के पर्व पर 251 जोड़े रुद्राभिषेक करेंगे। हजारों रुद्राक्षों की माला से एक शिवलिंग बनाई जाएगी। पूरी रात पूजा करने के बाद अगले दिन शिवलिंग के रुद्राक्षों को श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया कि 15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर कार्यक्रम में पॉलिथीन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। नीलकंठ मैदान में मां कात्यानी सेवा समिति द्वारा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। जल की आपूर्ति के लिए नए स्टील के टैंकर आ गए हैं, जिनके द्वारा जल की आपूर्ति की जाएगी। कहा कि सभी लोग रुद्राभिषेक का हिस्सा बन पूजन, अर्चन करें और आध्यात्मिक एवं धार्मिक नगरी में छोटी काशी को शिवमय बनाएं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**खमरिया, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में चौधरी बेचेलाल डिग्री कॉलेज के सामने शनिवार तड़के करीब 4:00 बजे एक अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

